


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 8 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-248 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 09 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### नक्सलियों ने किया पुलिस कैंप पर हमला

**बीजापुर,8दिसंबर।** बीजापुर जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने पुलिस बेस कैंप पर हमला किया है. तीन दिनों में यह दूसरा नक्सली हमला है. बीजापुर एसपी डॉ जितेंद्र यादव ने कैम्प पर फायरिंग की पुष्टि की है.पामेड़ थाना अंतर्गत जीड़पल्ली पुलिस कैंप पर नक्सलियों ने हमला किया है. पुलिस नक्सलियों के बीच गोलीबारी में तीन जवानों को मामूली चोट आई है. जवानों का बेस कैंप में प्राथमिक इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि इन हमलों के पीछे सेंट्रल कमेटी के शीर्ष नेता हिडमा का हाथ है. पुलिस के आला अधिकारियों की माने तो बड़े नक्सली नेता खुद की प्राणों की चिंता करते हुए आस-पास के राज्यों में भाग रहे हैं. ऐसे में जाते-जाते बौखलाहट में पुलिस कैंप पर हमला कर निचले कैडर के मनोबल को बढ़ाए रखने का प्रयास कर रहे हैं.

### स्कूटी सवार छात्रों को अज्ञात हाइवा ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बालोद,8 दिसंबर।** जिले के सनौद थाना क्षेत्र में एक अज्ञात हाइवा ने अरमरीकला स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ने वाले दो छात्रों को चपेट में ले लिया। इस हादसे में 10वीं कक्षा के एक छात्र की मौके पर मौत हो गई, वहीं उसके साथ पीछे बैठा 8वीं का छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से धमतरी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक छात्र की पहचान 16 वर्षीय उज्ज्वल कुमार साहू (कक्षा 10वीं) के रूप में हुई है, जो सनौद गांव का रहने वाला था। वहीं, घायल छात्र खेमेन्द्र कतलाम (कक्षा 8वीं) है, जो बोहारा गांव का निवासी है। यह हादसा काली मंदिर के पास हुआ, जब स्कूल की छुट्टी के बाद दोनों छात्र स्कूटी से घर लौट रहे थे। बता दें कि इस दर्दनाक हादसे के बाद दोनों छात्रों के घरों में शोक का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

### नक्सलियों ने की महिला की हत्या

**बीजापुर,8 दिसंबर।** भाजपा की डबल इंजन सारकार के एंटी नक्सल ऑपरेशन से बौखलाए नक्सलियों ने एक और कायराना करतूत को अंजाम दिया है. बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लोदेड में नक्सलियों ने एक 40 वर्षीय महिला की बेरहमी से हत्या कर दी. घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है. बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने घटना की पुष्टि की है. जानकारी के अनुसार, लोदेड में शनिवार देर रात नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर महिला सुकरा यालम की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी. नक्सलियों के मद्देड़ एरिया कमेटी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है. बीते 18 नवंबर को 7 माओवादियों को तेलगांना ग्रेआउंड्स फोर्स ने मार गिराया था. इसकी मुखबिरी का आरोप महिला पर लगाया गया. बता दें कि पिछले पांच दिनों में नक्सलियों ने चार लोगों की हत्या की घटना को अंजाम दिया है.

### पीएम मोदी ने पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को दी बधाई

**नई दिल्ली, 8 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 51 वर्षीय पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को पोप फ्रांसिस द्वारा कार्डिनल बनाए जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। अपने पोस्ट में उन्होंने कहा, यह भारत के लिए बड़े गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे कहा, पोप फ्रांसिस द्वारा जॉर्ज जैकब कूवाकाड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर प्रसन्नता हुई।उन्होंने कहा, महामहिम जॉर्ज कार्डिनल कूवाकाड ने प्रभु यीशु मसीह के प्रबल अनुयायी के रूप में अपना जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया है।

## सीजीपीएससी में एग्जाम कंट्रोलर रहीं आरती वासनिक गिरफ्तार



**रायपुर,8दिसंबर।** सीजीपीएससी गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने एग्जाम कंट्रोलर रह चुकी आरती वासनिक को गिरफ्तार किया है। 2 दिन पहले ही सीबीआई की टीम ने राजनांदगांव स्थित आरती वासनिक के घर पर छापेमारी की थी। चर्चा है कि सीबीआई को महिला अधिकारी आरती के खिलाफ कुछ अहम सबूत मिले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक आरती पर भी घोटाले में शामिल होने का शक है। सीबीआई की टीम महिला अफसर को अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ कर सकती है। इसके पहले सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सोनवानी और छत्तीसगढ़ के स्टील कारोबारी श्रवण गोयल को अरेस्ट किया था। फिलहाल, दोनों जेल में हैं। जानकारी के मुताबिक जिस दौरान सीजीपीएससीभर्ती परीक्षा में घोटाला के आरोप लगे हैं. उस समय आरती वासनिक परीक्षा नियंत्रक थीं.जानकारी के मुताबिक आरती वासनिक सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी की करीबी रही हैं सीबीआई की स्पेशल कोर्ट में शनिवार को सीजीपीएससी भर्ती घोटाला मामले के आरोपी पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और श्रवण कुमार गोयल को पेश किया गया. दोनों आरोपियों की 14 दिनों की रिमांड पूरी हो गई थी. इस दौरान कोर्ट ने दोनों की रिमांड 20 दिसंबर तक बढ़ाते हुए रायपुर की सेंट्रल जेल में रखने के आदेश दिया. साल 2019 से 2022 तक हुई सीजीपीएससी भर्ती में कुछ अभ्यर्थियों के चयन को लेकर विवाद है. साल 2021 में सीजीपीएससी की ओर से कुल 171 पदों के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था, जबकि 2020 में 175 पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा हुई थी. इन परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और अनियमितता की शिकायत के बाद जांच की जा रही है. टामन सिंह सोनवानी राज्य लोक सेवा आयोग के चेयरमैन बनने से पहले मुख्यमंत्री सचिवालय के सेक्रेट्री और डायरेक्टर एग्रीकल्चर रह चुके हैं. वह 2004 बैच के आईएएस अफसर हैं. वह नारायणपुर और कांकेर जिले के कलेक्टर भी रह चुके हैं. धमतरी जिले के निवासी टामन सिंह 1991 में राज्य प्रशासनिक सेवा में आए थे. साल 2004 में आईएएस बैच और इसके बाद 2008 में आईएएस अवॉर्ड मिला.



## कार डिवाइडर से टकराई, दो सगी बहनों सहित तीन की मौत

**भिलाई ,8दिसंबर**



शनिवार देर शाम भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 1 में हुई कार दुर्घटना में मरने वालों की संख्या तीन हो गई है। घटना के समय मरोदा सेक्टर निवासी लुकेंद्र उइके और दीपिका कौर की मौत हो गई थी। वहीं आज एक और युवती पूनम कौर ने भी दम तोड़ दिया। मृतका दीपिका और पूनम कौर सगी बहनें हैं। वहीं परमवीर सिंह नाम का युवक घायल है, जिसका सेक्टर - 9 अस्पताल में इलाज जारी है परमवीर इस घटना में जान गंवाने वाली दीपिका और पूनम कौर का भाई है भिलाई टाउनशिप के सेक्टर-1 में शनिवार देर शाम एक तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार चला रहे लुकेंद्र उइके और दीपिका कौर की कल रात में ही मौत हो गई थी, जबकि परमवीर सिंह और पूनम कौर को गंभीर हालत में सेक्टर - 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज पता चला है कि इलाज के दौरान पूनम कौर ने भी दम तोड़ दिया है। वहीं परमवीर सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम करीब साढ़े 7 बजे कार क्रमांक सीजी 07 अत 2620 सेंट्रल एवेन्यू रोड पर एक्यूपमेंट चौक की तरफ से तेज रफ्तार से जा रही थी। कार लुकेंद्र चला रहा था। उसके बगल से परमवीर सिंह बैठा था। पीछे की सीट पर दीपिका और पूनम कौर बैठी थी इसी बीच कार डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होने के सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर झाड़ियों में जा घुसी। राहगीरों ने घायलों को बाहर निकाला और डायल-112 को कॉल कर सूचना दी



## नया टैक्स स्लैब लाने पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** राहुल गांधी ने नया टैक्स स्लैब को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है. लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है, आपकी ज़रूरत की चीज़ों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है. सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए. एक तरफ़ कॉरपोरेट टैक्स के मुक़ाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है, दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है. नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कहा कि ज़रा सोचिए- अभी, शादियों का सीजन चल रहा है, लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1500 रुपए से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी फीसदी से बढ़ाकर 18: करने जा रही है. आपकी ज़रूरत की चीज़ों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है. जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है. एक तरफ़ कॉरपोरेट टैक्स के मुक़ाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज़्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि ये घोर अन्याय है, अरबपतियों को टैक्स में छूट देने और उनके बड़े से बड़े कर्ज़ माफ़ करने के लिए ग़रीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स के जरिए लूटा जा रहा है. उन्होंने आगे कहा हमारी लड़ाई इसी अन्याय के ख़िलाफ़ है. आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ़ हम मजबूती से आवाज़ उठाएंगे और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे.

### फिल्म निर्माता सुभाष घई की तबीयत बिगड़ी

**मुंबई,8 दिसंबर।** मशहूर फिल्म निर्देशक और निर्माता सुभाष घई को शनिवार को मुंबई में बांद्रा के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें बोलने में कठिनाई और याददाश्त खोने की शिकायत के बाद अस्पताल ले जाया गया।हालांकि, निर्माता के प्रवक्ता ने बताया है कि उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया था और फिलहाल वह बिल्कुल ठीक हैं।घई के प्रवक्ता ने कहा, घई बिल्कुल ठी हैं। उन्हें नियमित जांच के लिए भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत में सुधार हो रहा है। आपके प्यार और चिंता के लिए आपका धन्यवाद।

## 'बटेंगे तो कटेंगे' पर जैन धर्मगुरु को आपत्ति

### कहा- यह उग्रवाद पैदा करेगा, नारा ऐसा हो जो सकारात्मक प्रेरणा दे

**कवर्धा,8 दिसंबर।** 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे पर जैन धर्मगुरु मुनिश्री सुधाकर ने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह उग्रवाद पैदा करेगा. सांप्रदायिकता की आग लगाने वाला है. नारा ऐसा होना चाहिए जो सकारात्मक प्रेरणा दे. जो जोड़ने का काम करे. जैन धर्मगुरु मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि नारा ऐसा होना चाहिए हम जुड़कर रहेंगे, हम जोड़ते रहेंगे, हम साथ रहेंगे. इससे सकारात्मक ऊर्जा पैदा होगी. इसमें सोच अच्छी होगी. इसमें सबसे जुड़कर रहना है. इसमें सबका सम्मान करना है. सबके विकास की चिंता करनी है. संस्कार और संस्कृति पर ध्यान देना है. ऐसे स्लोगन आए जिसको सुनकर सद्भावना आए और प्रसन्नता की संचार हो.आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर एवं सहवर्ती मुनिश्री नरेश कुमार रायपुर में सतुर्मास सम्पन्न करने के बाद पद यात्रा करते हुए जबलपुर की तरफ आगे बढ़ रहे हैं. इस दौरान कवर्धा में पहुंचने पर जैन समाज के लोगों ने मुनिश्री का स्वागत करते हुए आशीर्वाद लिया. इस दौरान शहर के स्थानक भवन में मुनिश्री सुधाकर ने जैन समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए नमामि, खममि और विक्षामि पर प्रेरणा दी.

## दो पुलिसकर्मियों ने एके-47 से एक दूसरे को भूना

**श्रीगनर,8 दिसंबर।** जम्मू-कश्मीर से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों की लाश मिली है। दोनों पुलिसकर्मियों के शरीर पर एके-47 की गोली लगी हुई है। रविवार (8 दिसंबर) सुबह तकरीबन 6.30 बजे सूचना मिली कि सोपोर में 2 पुलिसकर्मियों में शव मौजूद हैं। उनकी गाड़ी पर गोलियों के निशाना देखे जा सकते हैं। दोनों की डेड बॉडी वैन में मिली है। अधिकारियों ने संदेह जताया कि हो सकता है कि दोनों पुलिसकर्मियों ने एक दूसरे पर गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को देखते हुए जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।



अधिकारी ने बताया कि शुरूआती रिपोर्ट से पता चला है कि दोनों पुलिसकर्मियों की मौत एक-दूसरे पर गोलियां चलाने के वजह से हुई है। बताया जाता है कि दोनों पुलिसकर्मी सोपोर से हैं। एसएसपी उधमपुर आमोद नागपुरे ने कहा, ÷घटना सुबह 6.30 बजे हुई। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआती जांच के अनुसार, यह साबित हो गया है कि घटना में एके-47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था। दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई है। तीसरा पुलिस कर्मी सुरक्षित है। उन्हें पोस्टमॉर्टम और अन्य प्रक्रियाओं के लिए जीएमसी उधमपुर ले जाया जाएगा। उधमपुर एसएसपी ने कहा कि उधमपुर जिले के रहमबल इलाके में आपसी झगड़े और आत्महत्या की घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया।

## किसानों का दिल्ली मार्च शुरू

### शंभू बॉर्डर पर बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** फसल की न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी और किसानों की बकाया समस्याओं का समाधान समेत अन्य मांगों को लेकर फि से किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च शुरू कर दिया है. पंजाब के 101 किसान दोपहर 12 बजे पैदल शंभू बॉर्डर से दिल्ली के लिए रवाना हुए। हालांकि बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने की परमिशन मांगी है। उनका कहना है कि बिना परमिशन के वह दिल्ली नहीं जा सकते। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इसके बाद शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया.मौके पर तैनात हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, 'हम पहले उनकी (किसानों की) पहचान करेंगे और फि आगे जाने की अनुमति दे सकते हैं। हमारे पास 101 किसानों के नामों की सूची है, उन्हें ही दिल्ली कूच की इजाजत दी जानी है. लेकिन ये वे लोग नहीं हैं- हमें उनकी पहचान नहीं करने दी जा रही है- वे एक भीड़ के रूप में आगे बढ़ रहे हैं। शंभू बॉर्डर से 101 किसानों का जत्था हरियाणा की ओर मार्च करना शुरू किया तो कुछ दूर चलने के बाद उनका सामना सुरक्षा बलों से हुआ।

## भारत को रूस नहीं देता है सस्ता तेल: जयशंकर

**नई दिल्ली,8 दिसंबर।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद पश्चिमी देशों ने रूस का बहिष्कार किया, लेकिन भारत ने अपनी दोस्ती बरकरार रखी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में रूस की यात्रा की। साथ ही भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा। इसको लेकर जब विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल पूछे गए तो उन्होंने करारा जवाब दिया। जयशंकर ने शनिवार को भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले का जोरदार बचाव किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विश्व के पास भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोई बेहतर विकल्प है। यह बयान उन्होंने 22वें दोहा फोरम के पैनल ÷नए युग में संघर्ष समाधान÷ पर चर्चा के दौरान दिया। जयशंकर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के तीन साल बाद दुनिया यह महसूस करने लगी है कि इस समस्या को केवल वार्ता के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। जयशंकर ने स्पष्ट किया कि रूस से तेल खरीदना भारत के लिए कोई सस्ता सौदा नहीं है, बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने की एक आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं तेल खरीदता हूं। यह सच है। यह सस्ता नहीं है। क्या आपके पास बेहतर डील है? भारत ने हाल के वर्षों में रूस से कच्चे तेल के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि की है। रूस अब भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन चुका है, जो भारत के कुल तेल आयात का 35 प्रतिशत से अधिक हिस्सा रखता है। जयशंकर ने कहा कि भारत का हमेशा मानना रहा है कि यह युद्ध युद्धभूमि पर नहीं सुलझ सकता है। उन्होंने कहा कि अंततः दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर लौटना होगा और भारत इसे संभव बनाने के लिए हर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, ÷हम मास्को जाते हैं तो राष्ट्रपति पुतिन से बात करते हैं। जब कीव जाते हैं तो राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से मिलते हैं। हम दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति के सूत्र तलाशने की कोशिश करते हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत कोई शांति योजना पेश नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, हम मध्यस्थता नहीं कर रहे। हम बातचीत कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि दोनों पक्षों को पूरी पारदर्शिता से जानकारी दी जाए।



## सीरिया: असद की सत्ता खत्म होने के बाद प्रेसिडेंशियल पैलेस में घुसे बागी

### जिसके हाथ जो लगा लूटकर भागा

**दमिश्क,8 दिसंबर।** सीरियाई विद्रोही बलों ने एक सप्ताह तक चले संघर्ष के बाद आखिरकार रविवार को राजधानी दमिश्क पर नियंत्रण का दावा किया है. हालांकि उन्हें सरकारी सैनिकों की ओर से कोई प्रतिरोध नहीं मिला. राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़कर भाग गए हैं जिसके बाद सीरियाई लोग दमिश्क स्थित राष्ट्रपति भवन में घुस गए और असद महल से सामान लूट लिया. इसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें दिख रहा है कि बड़ी संख्या में लोग राष्ट्रपति के महल में घुस गए हैं और वहां से सामान और कपड़े तक चुराकर अपने साथ ले जा रहे हैं. लोगों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी नजर आ रही हैं. इन तस्वीरों ने श्रीलंका और अफगानिस्तान की याद दिला दी. 2022 में श्रीलंका में इसी तरह से प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन और पीएम हाउस में डेरा डाल दिया था. इसी तरह तालिबान ने जब अफगानिस्तान की सत्ता हासिल की थी तो तालिबानी समर्थकों ने राष्ट्रपति अशरफ के भवन में जाकर लूटपाट की थी. सरकारी टीवी ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि असद सरकार का अंत हो गया है और सभी कैदियों को रिहा कर दिया गया है. दमिश्क में मस्जिदों और चौकों पर लोग जश्न मना रहे हैं. सीरियाई विपक्ष के सैन्य अभियान प्रशासन ने एक बयान में घोषणा की गई है कि जब तक सत्ता परिवर्तन नहीं हो जाता, तब तक देश की सरकार प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जाएगी. पूरे सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद की मूर्तियों को गिराया जा रहा है और विद्रोही गुट तथा लोग हवा में फायरिंग करते हुए जश्न मना रहे हैं.

बशर अल-असद के नेतृत्व वाली सीरियाई सरकार 2011 में शुरू हुए लंबे और विनाशकारी गृह युद्ध के केंद्र में रही है. अल-असद ने साल 2000 में सीरिया की सत्ता संभाली थी. वह उस परिवार से आते हैं जिसने 1970 के तख्तापलट के बाद से सीरिया पर शासन किया. वह अलावाइट्स हैं, जो शिया इस्लाम की एक शाखा है. अलावाइट्स सीरिया में अल्पसंख्यक हैं. बशर अल-असद ने शुरू में खुद को एक आधुनिक सुधारवादी नेता के रूप में पेश किया. लेकिन अरब स्प्रिंग के दौरान उन्होंने अपनी सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों का जवाब क्रूर कार्रवाई के साथ दिया, जिससे देशव्यापी विद्रोह भड़क गया.

विद्रोहियों का कहना था कि उनका पहला लक्ष्य बशर अल-असद को सत्ता से हटाना है. लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि अब आगे क्या होगा. अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने अनिच्छा से ही, लेकिन असद को सीरिया के नेता के रूप में स्वीकार कर लिया था. अब विद्रोहियों के हाथों असद सरकार

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से रौंदा, श्रृंखला 1-1 से बराबर

**एडिलेड,8 दिसंबर।** ऑस्ट्रेलिया ने गुलाबी गेंद टेस्ट में अपना दबदबा जारी रखते हुए रविवार को भारत पर 10 विकेट की शानदार जीत दर्ज के साथ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने महज सात सत्र के अंदर जीत दर्ज की जो गेंदों के हिसाब से भारत के खिलाफ उसका सबसे छोटा टेस्ट मैच है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि टेस्ट में अपना दबदबा कायम रखा। भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 128 रन से करते हुए पहले ओवर में ही ऋषभ पंत (28) का विकेट गंवा दिया। नीतीश कुमार रेड्डी (42) के पहली पारी की तरह दूसरी पारी में शानदार जज्बा दिखकर टीम का स्कोर 175 रन पहुंचा। उनकी बल्लेबाजी से भारत पारी की हार टालने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद जीत के लिए 19 रन के लक्ष्य को हासिल करने की औपचारिकता सिर्फ 3.2 ओवर में पूरी कर यादगार जीत दर्ज की। भारत की दूसरी पारी केवल 36.5 ओवर तक चली। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कप्तान पैट कमिंस ने शॉर्ट बॉल का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए 57 रन देकर पांच विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड (51 रन पर तीन विकेट) ने पारी की शुरुआती में विकेट झटके जबकि मिशेल स्टार्क (60 रन पर दो विकेट) ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाये। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों का दबदबा ऐसा था कि कमिंस को दूसरी पारी में मिशेल मार्श और नाथन लियोन की भी जरूरत नहीं पड़ी। टीम के विशेषज्ञ स्पिनर और हरफनमौला ने पूरे मैच में केवल पांच ओवर फेंके। पर्थ में 295 रन की आसान जीत के बाद भारतीय बल्लेबाजी इकाई इस मैच की दोनों पारियों को मिलाकर कुल 81 ओवर भी नहीं खेल पायी। टेस्ट मैच में एक दिन में आधिकारिक तौर पर 90 ओवर गेंदबाजी करने का प्रावधान है। ऐसे में भारत अपनी दोनों पारी को मिलाकर एक दिन भी नहीं टिक पाया। भारत को इस मैच की दोनों पारियों में सबसे ज्यादा निराशा



अनुभवी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजी से हुई। यह दोनों बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का सामना करने में विफल रहे। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। दिन के पहले ओवर में भी गुलाबी गेंद के बेताज बादशाह माने जाने वाले स्टार्क ने ऑफ स्टंप की बाहर वाली गेंद पर पंत को चकमा दिया और गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर दूसरे स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ के हाथों में चली गयी। स्टार्क के नाम दिन-रात्रि टेस्ट में सबसे ज्यादा 74 विकेट हैं। रेड्डी ने एक बार फिर तकनीक और आक्रमण का अच्छा मिश्रण दिखाया। पंत के आउट होने के बाद उन्होंने कुछ बड़े शॉट खेलकर टीम को पारी की हार से बचा लिया। शुरुआती दो टेस्ट मैच में रेड्डी भारत के सबसे अच्छे बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उभरे हैं। वह करियर की शुरुआती चार पारियों में अच्छी शुरुआत को अर्धशतक में बदलने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने 41, 37 नाबाद, 42 और 42 रन स्कोर के साथ प्रभावित किया। वह अगर गेंदबाजी में थोड़ी गति हासिल कर सुधार कर सकें तो टीम के लिए तेज गेंदबाजी हरफमौला की कमी को पूरा कर सकते हैं। रविचंद्रन अश्विन ने कमिंस की बाउंसर पर एक ही गलती लगातार तीन बार दोहराई। शुरुआती दो बार वह बच गए लेकिन तीसरी बार गेंद उनके ग्लव्स को छूकर विकेटकीपर के दस्ताने में चली गयी।

### भारतीय वायुसेना की फ्यूचर वारफेयर तैयारी

**नईदिल्ली,8 दिसंबर।** भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान ने राजधानी दिल्ली में दो दिवसीय कमांडर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया. इस सम्मेलन की अध्यक्षता वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने की. इस वर्ष इस कार्यक्रम की थीम भारतीय वायुसेना- सशक्त, सक्षम, आत्मनिर्भर÷ पर केंद्रित थी. इस सम्मेलन में वायुसेना प्रमुख ने भी शिरकत की. इस दौरान उन्होंने कमांडरों के साथ बातचीत की. जिसमें उन्होंने भविष्य के बहु-डोमेन युद्ध की चुनौतियों का सामना करने के लिए उनकी तैयारी पर जोर दिया.इसके साथ ही वायु सेना प्रमुख ने प्रशिक्षण, योजना, सुरक्षा और नए उपकरणों के शीघ्र संचालन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया.

## एक नजर

### साजा नगर से नगर अध्यक्ष चुनाव कौन लड़ेगा,चर्चा जनता में जोरों पर

**साजा 8 दिसंबर।** साजा नगर पंचायत में पान दुकान होटलों और चौक चौराहों में राजनेतिक चर्चा की शुरुवात हो गई है और नगर अध्यक्ष का चुनाव कौन लड़ेगा जिस पर लोगों में सुगबुगाहट हो रही है । बीजेपी से पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर टावरी , आयुष शर्मा , गंगाधर चांडक , हिमांशु वर्मा , बिसरू साहू , अरुण वर्मा और कांग्रेस से युवा कांग्रेस नेता बंटी जैन , पूर्व अध्यक्ष मनोज जायसवाल , पूर्व साजा महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोभा शर्मा , कृष्णा राठी , जनार्दन ठाकुर , मनीष वर्मा , प्रकाश सिन्हा , डेनिश यादव ओर कई नामों की अध्यक्ष की चर्चा होती हुई दिख रही है। स्वच्छता , विकास ओर भ्रष्टाचार , महंगाई और प्रत्याशी की छवि प्रमुखता से मुद्दा होगा ।



### खदान में गिरी अधेड़ महिला की मौत

**भिलाई 8 दिसंबर।** उतई थाना क्षेत्र के ग्राम छाटा में पत्थर खदान में एक अधेड़ उम्र महिला की लाश मिली है शव की स्थिति को देखकर शुरुआत में आशंका जताई जा रही थी कि उससे दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी गई है लेकिन जांच में यह स्पष्ट हुआ कि महिला का पैर फिसलने से खदान में गिरी और उसके सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई उतई पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है मृतका की पहचान ग्राम अचानकमार निवासी 58 वर्षी उर्मिला हिरवानी के रूप में की गई है उसकी साड़ी उठी हुई थी और उसके दोनों घुटनों पर चोट लगे थे ग्रामीणों ने लाश को देखकर शुरू में हत्या की आशंका जताई बाद में यह स्पष्ट हुआ कि वह सुबह घर से गोबर बीनने के लिए निकली थी उतई थाने पुलिस के साथ ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भिजवाया है।



### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई 8 दिसंबर।** ग्राम कुटेलाभाठा निवासी ( 36साल ) कुलेश्वर बर्मन ने रात को घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी इसके चलते वह परेशान रहता था जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

### डंडे से पीटकर की हत्या

**भिलाई 8 दिसंबर।** उतई थाना क्षेत्र ग्राम मर्रा में महज 600 रुपयों के चलते 38 वर्षीय त्रिलोकी ठाकुर की हत्या कर दी गई मृतक ने कुछ महीने पहले ही उधार दिया था गांव के ही आरोपित 38 वर्षीय मनीराम यादव ने डंडे से पीटकर उसे मौत के घाट उतारा गांव वालों से जानकारी मिलने पर उतई पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या की धारा के तहत कार्रवाई की है उतई टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि मर्रा निवासी आरोपित मनीराम ने अपने ही गांव में रहने वाले त्रिलोकी की डंडे से पीटकर हत्या कर दी त्रिलोकी ने आरोपित को कुछ महीने पहले 600 रुपये उधार दिया था रात को करीब साढ़े आठ बजे गांव में ही दोनों की मुलाकात हो गई रात में दोनों ने ही शराब पी रखी थी वहां पर त्रिलोकी ने आरोपित से अपनी रकम वापस मांगी मनीराम ने रुपये होने की बात कही तो उनके बीच विवाद शुरू हो गया जिस पर त्रिलोकी ने पहले मनीराम को हाथ मुक्के से पीटा वहां उपस्थित लोगों ने दोनों को अलग किया इसके बाद मनीराम अपने घर जाने लगा तो त्रिलोकी भी पीछे-पीछे उसके घर तक पहुंच गया त्रिलोकी ने वहां पर भी रुपयों को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी जिस पर आवेश में आकर आरोपित ने घर में पड़े डंडे से त्रिलोकी के सिर पर मार दिया सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को चीरघर भिजवाया है।

### वरिष्ठ भाजपा नेता के वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए बंछोर



**जामुल 8 दिसंबर।** जामुल के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता देवदत्त शर्मा के पुत्र, पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल महामन्त्री नूतन वर्मा, प्रशांत बंटी गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकर्ता अश्वनी पांडे, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, बुथ अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, व्यापारी संघ उपाध्यक्ष अनिल प्रसाद, दयालु जंघेल, ने आशीर्वाद देकर नव मङ्गलमय जीवन के लिए शुभकामनाएं दिया।

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई, 8 दिसंबर।** टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। टाउनशिप में 09 दिसम्बर 2024 से 14 दिसम्बर 2024 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैंः- 09 दिसम्बर को सेक्टर-06 का एक तिहाई हिस्सा, रूआबांधा, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, जेएलएन हॉस्पिटल के कुछ क्षेत्र व रसियन कॉम्प्लेक्स, 10 दिसंबर को सेक्टर-04, 11 दिसम्बर को खुर्सीपार जोन-2 व 3, 12 दिसम्बर को सेक्टर-7 व रसियन कॉम्प्लेक्स का आधा हिस्सा, 13 दिसंबर को सेक्टर-2 का आधा हिस्सा तथा 14 दिसम्बर को सेक्टर-01। उपरोक्त क्षेत्रों में उल्लेखित दिनांकों को प्रातः 10 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# स्वस्थ मस्तिष्क के लिए शिक्षा के साथ खेल को भी जीवन में करें शामिल:इन्द्रजीत सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 दिसंबर।** सेक्टर चार स्थित एसएनजी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं मैराथन सीजन-2 का आयोजन 7 दिसंबर शनिवार को श्रीनारायण गुरु विद्या भवन सेक्टर-4 स्कूल परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रफुल्ल ठाकुर आईपीएस कमांडेंट 4वीं बटालियन माना रायपुर, विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत सिंह छोटू युवा डायरेक्टर एचटीसी, समाजसेवी मलकीत सिंह लल्लू, वी.के. बाबू स्कूल प्रबंधक, टी.यू. सुनील, पी.एस. सुरेश कोषाध्यक्ष, विनय पीतांबरन उपाध्यक्ष, शिक्षा, के.टी. अनिल उप महासचिव शिक्षा, सुश्री ई.भारती स्कूल प्राचार्य, शिक्षक, छात्र व छात्रों के पालक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर एसएनजीवीबी परिवार कार्यक्रम में आये अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शांति, समृद्धि और एकता के प्रतीक गुब्बारे छोडे और कई कबूतर उड़ाए। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का बांस के पौधे भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईपीएस प्रफुल्ल ठाकुर ने लोगो से सतर्क रहने तथा बैंक, पुलिस आदि से धोखाधड़ी की कॉल को समझदारी से संभालने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को अपने जीवन की रक्षा के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। ठाकुर ने अपने बाल्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि वे हिन्दी माध्यम के छात्र रहे, उनकी प्रारंभिक शिक्षा कोरर भानुप्रतापपुर, कांकेर जिले में हुई। पोस्ट ग्रेजुएशन व लॉ की पढ़ाई सेक्टर-7 कल्याण कॉलेज से हुई और आज वह छत्तीसगढ़ राज्य में आईपीएस की भूमिका निभा रहे है। इस दौरान कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एचटीसी के युवा डायरेक्टर इन्द्रजीत सिंह छोटू ने एस.एन.जी.वी.बी. की पूरी टीम भावना की सराहना की तथा उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बेहतर परिणाम के लिए कोई भी काम टीम वर्क के रुप में करें इससे जरूर सफलता मिलेगी इंद्रजीत ने आगे कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी अपने जीवन में उतारें क्योंकि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क के लिए खेल आवश्यक है। कार्यक्रम में प्रारंभ में प्राचार्य ने स्वागत भाषण दिया और अभिभावकों से आव्हान किया कि वे अपने बच्चों को मोबाइल का अत्याधिक उपयोग करने की अनुमति देने के स्थान पर उन्हें आउटडोर खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। विनय पीताम्बरन ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए, साथ ही उनमें खेल भावना भी होनी चाहिए। के.टी. अनिल ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे अपने अंदर खिलाड़ी कौशल कैसे विकसित करें। टी.यू. सुनील ने अपने संबोधन में हमें विशिष्ट अतिथियों तथा उनके व्यक्तित्व से अवगत कराया। वी.के. बाबू ने अभिभावकों से विनम्रतापूर्वक अनुरोध किया कि वे बिना ड्राइविंग लाइसेंस के दो पहिया वाहन न चलाएं। इस दौरान जहां रेड क्रॉस ड्रिल और विभिन्न सदनों एस.एन., आर.टी., एम.टी., आर.एल. के प्रदर्शन किये वहीं एन.सी.सी., स्काउट और गाईड के छात्रों ने आकर्षक मार्च पास्ट किये। इसके अलावा विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। छात्रों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गेड़ी दौड़ के साथ ही अन्य कई प्रकार के खेलों में भाग लिये इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एस.एन.सदन ने चैम्पियनशिप जीती। आर टी हाउस उपविजेता रहा। इसके अतिरिक्त, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि आईपीएस प्रफुल्ल ठाकुर, विशेष अतिथि इन्द्रजीत सिंह छोटू, प्राचार्य सुश्री ई भारती सहित अन्य अतिथियों ने उनको पुरस्कृत करते हुए प्रदर्शन के आधार पर व्यक्तिगत प्रतिभागियों को पदक और प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका हौसला अफजाई किये। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम का समापन ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ।




# प्रदेश संगठन के नए परिसीमन से दुर्ग जिले में अब होंगे 17 मंडल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 8 दिसंबर।** शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में परिसीमन समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय और प्रदेश परिसीमन समिति के सदस्य भरत वर्मा, रजनीश सिंह (पूर्व विधायक), रामजी भारती (पूर्व विधायक), दीपक म्हस्के द्वारा परिसीमन के प्रस्ताव को सुना गया। बैठक में दुर्ग और भिलाई के जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ चर्चा के बाद परिसीमन को अंतिम रूप दिया गया। जिसके अंतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा में चार की जगह अब पांच मंडल होंगे, वही दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में अब तक तीन मंडल उतई, अंजोरा और रिसाली थे लेकिन अब आगे कुल पांच मंडल होंगे, जिसमें उतई, अंजोरा और रिसाली यथावत रहेंगे साथ ही अंडा-निकुम और मरोदा-पुरैना दो नए मंडल अस्तित्व में आएंगे। इसमें बड़ा परिवर्तन यह हुआ है कि रिसाली नगर निगम अब दुर्ग जिला भाजपा संगठन के अंतर्गत आएगा। इसी प्रकार पाटन विधानसभा क्षेत्र में अब तक कुल चार मंडल उत्तर पाटन, दक्षिण पाटन, मध्य पाटन और कुम्हारी थे लेकिन अब आगे पांच मंडल होंगे। परिसीमन लागू होने के बाद पाटन विधानसभा में अमलेश्वर, पाटन, दरबारमोखली, जामगांव आर और कुम्हारी रहेंगे। कुम्हारी नगर पालिका जो अब तक भिलाई जिला संगठन के अंतर्गत थी उसे अब दुर्ग जिला संगठन को दे दिया गया है।




इसके अलावा अब तक दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले अहिवारा और जेवरा सिरसा मंडल को भिलाई जिला संगठन में शामिल कर लिया गया है। इस पूरे परिसीमन के बाद दुर्ग जिला भाजपा संगठन में एक नगर निगम (रिसाली) और एक नगर पालिका (कुम्हारी) बढ़े है तथा अहिवारा विधानसभा का ग्रामीण अंचल भिलाई जिला संगठन अंतर्गत चला गया है। जिला परिसीमन समिति के सदस्य सुरेन्द्र कौशिक, राजेन्द्र कुमार पाध्ये और दिलीप साहू ने कहा कि प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन पश्चात दुर्ग जिले में नए मंडल अस्तित्व में आए हैं, इसके बाद अब दुर्ग जिले में कुल 17 मंडल हो जाएंगे। मंडलों की संख्या बढ़ने से पार्टी का काम द्रुत गति से होगा और अधिकतम ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को पद और जिम्मेदारी मिलेगी। ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को काम करने का अवसर मिलने से संगठन का काम तेज होगा।

## हथलेवा गांव में हर घर जल होने से परिवारों में खुशी की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 8 दिसंबर।** कबीरधाम जिला अंतर्गत विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम हथलेवा की वर्ष 2011 - की जनसंख्या 2020 है जहाँ 419 परिवार निवासरत है द्य ग्राम हथलेवा में गर्मी की मौसम में बोर सूख जाने से गंभीर जल संकट उत्पन्न हो जाता था । प्रधानमंत्री की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम हथलेवा में पेयजल संकट की निदान हेतु योजना 103.61 लाख लागत की तैयार किया गया ।जिसके तहत 80 हज़ार लीटर क्षमता की उच्चस्तरीय जलागार का निर्माण किया गया, तथा ग्राम हथलेवा में 3500 मीटर जल वितरण पाइप लाइन डालकर सभी 419 परिवारों के यहाँ निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए जिससे सबेरे शाम 2-2 घंटे जल प्रदाय कार्य विगत 1 वर्ष से किया जा रहा है ।योजना की संचालन संधारण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा 50 रुपये /कनेक्शन शुल्क निर्धारण कर लिए है । हर घर जल घोषित होने से ग्राम हथलेवा ग्रामवासियों की चेहरे में खुशी है ,तथा सभी ग्रामवासी दिल से इसके लिए केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया ।जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के दिशा निर्देश और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता डी एस राजपूत के मार्गदर्शन में अच्छे से पेयजल लोगो को मिलने से हर्ष दिख रही है ।



## भिलाई इस्पात संयंत्र ने नवंबर माह में दर्ज किया अब तक का श्रेष्ठ उत्पादन

**भिलाई, 8 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के नवम्बर माह में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए, अपने निरंतर प्रयासों से अब तक का श्रेष्ठ निष्पादन दर्ज किया है। कीर्तिमानों की इस श्रृंखला में, श्रेष्ठ डिस्पैच का भी रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। संयंत्र के सभी मॉडेक्स इकाइयों- ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3, यूनिवर्सल रेल मिल, बार एंड रॉड मिल तथा रिफ्रैक्टरी मैटेरियल्स प्लांट-3 ने श्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। तकनीकी आर्थिक सूचकांकों के क्षेत्र में, संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों द्वारा नवंबर माह के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ कोक दर दर्ज किया गया। कार्यक्षेत्र में संसाधनों के बेहतर उपयोग व सुरक्षा मानकों के अनुपालन से ही यह उपलब्धियां संभव हो पाई है। संयंत्र के सिंटर प्लांट, बीआरएम, ओएचपी सहित विभिन्न विभागों ने अब तक का श्रेष्ठ मासिक उत्पादन कीर्तिमान रचा है। साथ ही संयंत्र के आरएमपी-3 से लाइम उत्पादन, एसएमएस-3 से कास्ट स्टील व बिलेट उत्पादन, हॉट मेटल, क्रूड स्टील उत्पादन, फिनिश्ड स्टील उत्पादन, सेलेबल स्टील के उत्पादन के साथ ही प्लेट मिल में हाई टेंसाइल प्लेटों के साथ रेल मिल से लॉन्ग रेलों के उत्पादन व डिस्पैच में श्रेष्ठ नवम्बर माह का कीर्तिमान दर्ज किया है।



# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सौर ऊर्जा उत्पादन का विस्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 दिसंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों में वर्ष 2010-11 से हरित विद्युत ऊर्जा के उत्पादन के लिए कार्यालय एवं स्टेशन भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा हैं। सौर ऊर्जा संयंत्र तत्काल उपयोग के लिए ऊर्जा प्रदान कर सकते हैं, इसे बैटरी में संग्रहीत किया जा सकता है, या अतिरिक्त ऊर्जा को ग्रिड में वापस भेजा जा सकता है। सोलर पैनल फोटोवोल्टिक प्रभाव का उपयोग करके प्रकाश को विद्युत धारा में परिवर्तित करते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 2010-11 में केवल 5 किलोवाट के संयंत्र से शुरुआत की थी। वर्तमान में अब तक, 5451 किलोवाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र कार्यालय एवं स्टेशन भवनों की छतों पर स्थापित किए जा चुके हैं। ये संयंत्र प्रतिमाह लगभग 3.8 लाख यूनिट ऊर्जा उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे रु. 10.1 लाख की बचत हो रही है। इसके अलावा, हर महीने 315.2 टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आई है। सौर पैनलों के कुशल प्रदर्शन के लिए नियमित सफाई आवश्यक है। इस उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन ने यंत्रीकृत सफाई प्रणाली विकसित की है। बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों में 7776 किलोवाट सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए रु 34.6 करोड़ की लागत से कार्य स्वीकृत किया गया है।



# सांसद ने किया मोबाइल चिकित्सा वाहन का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 दिसंबर।** निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार निश्चय निरामक छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत की गई7 इसके अंतर्गत 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर-घर पहुंच कर स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा घर-घर पहुंचकर टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया जांच एवं वयोवृद्ध जांच अभियान, उनका पंजीयन होगा उनके उनको दवाई वितरित किया जाएगा। उनका पूर्ण इलाज होगा। उद्घाटन करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा यह बहुत अच्छी शुरुआत है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से लोगों के स्वास्थ्य के लिए शासन ने बहुत ही अच्छा पहल किया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता नागरिकों के घर-घर जाकर, वार्डो,गली, मोहल्ले में जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। जांच में टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया एवं वयोवृद्ध देखभाल जैसा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। रोग पाए जाने पर तत्काल उसका इलाज कर दवा वितरण किया जाएगा। सभी का पंजीयन डॉक्टर, इलाज, परीक्षण, दवाई एक साथ प्रदान किया जाएगा। अभियान की शुरुआत मोबाइल यूनिट को सांसद विजय बघेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इसके पूर्व निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एस डी एम द्वारा लाल बहादुर शास्त्री की अस्पताल सुपेला का निरीक्षण किया गया। सफाई व्यवस्था को और ठीक-ठाक बेहतर करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे जिला भाजपा अध्यक्ष एवं पार्षद महेश वर्मा, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, डॉक्टर दानी, डॉ एमपी सिंह, सुपेला अस्पताल के सभी डॉक्टर सांसद सांसद प्रतिनिधि अवधेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि देवांगन, मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।




## समाचार संक्षेप

### आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण



**भिलाई, 8 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटर स्थित रिक्त भूमि पर सीएनडी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। जहां पर सीएनडी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट 50 टन प्रति दिवस क्षमता तथा 100 टन स्टोरेज फैसिलिटी की व्यवस्था हेतु स्थल पर प्लांट स्थापना का कार्य प्रारंभ किया गया है। सीएनडी प्लांट में निकाय क्षेत्र से निकलने वाले सीएनडी वेस्ट मटेरियल की प्रोसेसिंग कर उपयोगी मटेरियल जैसे-ईंट, पेवर ब्लाक, हौलो ब्लाक्स इत्यादि तैयार किये जायेंगे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर उसे क्षमता के अनुसार प्लांट तैयार किया जा रहा है। प्लांट का निर्माण 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वायु गुणवत्ता सुधार घटक अंतर्गत कराया जा रहा है। जिससे शहर में एयर क्वालिटी इंडेक्स में सुधार किया जा सके। इस प्लांट के बनने से क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार भी प्राप्त होगा। एस इस प्लांट के विशेषताएं होगी यह आधुनिक प्लांट होगा। सड़कों के निर्माण, मकान के निर्माण, तोड़फोड़ के दौरान जो बिल्डिंग मटेरियल इधर-उधर पड़ा रहता है, उसके अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाई जाएगी। निगम के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग में काम आएगा।

### ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इन्शुरेन्स स्कीम के लिए विकल्प जारी

**भिलाई, 8 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र, स्टील एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष 01 मार्च से 28-29 फरवरी तक सभी सदस्य कार्मिकों के लिए ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट इन्शुरेन्स स्कीम का संचालन किया जाता है। इसके तहत किसी दुर्घटना में मृत कर्मचारी के आश्रितों को, सम्बंधित बीमा कंपनी के द्वारा पॉलिसी के नियमों और शर्तों के अंतर्गत पात्रता होने पर वर्ष 2024-25 के दौरान तीस लाख रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान किया जाता है। इसके लिए प्रति वर्ष एल-1 कम्पनी के आधार पर किसी प्रतिष्ठित बीमा कंपनी को पॉलिसी संचालन का कार्य दिया जाता है। तदनुसार देय प्रीमियम राशि का भुगतान, सदस्य कार्मिकों के वेतन से सामूहिक कटौती करने के बाद किया जाता है। पिछ्ले वर्ष की तरह शासी समिति, सेवा के द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तावित पॉलिसी के पूर्व, सदस्य कार्मिकों की सहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है।

### महिला से मोबाइल लूट लिया

**भिलाई, 8 दिसंबर।** निगम के नेहरू नगर वार्ड की पार्षद चंदेश्वरी बांधे के घर झाड़ू-पोंछा कर लौट रही एक महिला से लूटपाट की घटना हुई है बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसका मोबाइल लूट लिया घटना की शिकायत पर स्मृति नगर चौकी पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ लूट की धारा के तहत प्राथमिकी कर पतासाजी शुरू की है पुलिस ने बताया कि माडल टाउन निवासी शिकायतकर्ता पदमा क्षत्रिया चार दिसंबर को पार्षद के नेहरू नगर स्थित घर पर साफ सफाई के काम के लिए गई थी वहां से दोपहर करीब दो बजे वापस साइकिल को पैदल लेकर अपने घर जा रही थी तभी पीछे से बाइक सवार तीन बदमाश आए और पीड़िता का पर्स छीनकर फरार हो गए।

### जिला मुख्यालय मोहला में आयोजित आयुष मेला में सैकड़ों रोगियों ने कराया उपचार

**मोहला 8 दिसंबर।** जिला मुख्यालय मोहला के दुर्गा चौक में जिला स्तरीय एक दिवसीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। निशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक शिविर का आयोजन में सैकड़ों की संख्या में रोगियों ने अपना इलाज कराया। विधायक इंद्रशाह मंडावी ने भी अपना रक्तचाप एवं मधुमेह का परीक्षण कराया एवं ग्रामीणों को होम्योपैथी का लाभ लेने का आग्रह किया। जिला प्रभारी आयुर्वेद डॉक्टर दिनेश सोनी ने बताया की समय समय पर विभिन्न जगहों में आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाता है आने वाले दिनों में भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा जहां ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का अपील किया। इस अवसर पर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा की आयुर्वेद से इलाज पद्धतियां हमारे परंपरागत ज्ञान पर आधारित है। जितना अच्छा परिणाम आयुष की औषधीय देती है किसी और जांच पद्धति से नही मिलता है आयुर्वेद न केवल रोगों की चिकित्सा करता है बल्कि रोगों को रोकता भी है। आयुर्वेद भोजन तथा जीवनशैली में सरल परिवर्तनों के द्वारा रोगों को दूर रखने के उपाय सुझाता है। आयुर्वेदिक औषधियाँ स्वस्थ लोगों के लिए भी उपयोगी हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से पुराने से पुराने असाध्य रोगों से साध्य की तरफ जा सकते है। वनांचल में हमने पूर्व में भी स्वास्थ्य शिविर का प्रयास किए है जिसका लाभ मिला है यह निश्चित है कि मानपुर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयुर्वेदिक जांच शिविर का प्रचार प्रसार हो जिससे ग्रामीण भी इसका पूरा लाभ ले सकें। इस अवसर पर श्री अनिल मानिकपुरी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर चौकी, श्री लग्नूराम चंद्रवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत मोहला, श्रीमती सरस्वती ठाकुर सरपंच मोहला, गमिता लोनहारे, मीना मांझी,दीपिका राजपूत, कन्हैया राजपूत, रामप्रसाद घावड़े, श्री अवध चुरेंद्र, लछु सांबले एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।

## सीआरपीएफने नक्सल प्रभावित ग्राम एलमागुंडा साप्ताहिक बाजार में लगाया गया मेडिकल कैंप

# कैंप में 110 ग्रामीणों को इलाज कर दी गई निःशुल्क दवाइयां

- **ग्रामवासियों को दी गई मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारीं**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**सुकमा, 8 दिसम्बर।** जिले के अति नक्सल प्रभावित इलाके में सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन एलमागुंडा में तैनात ब्रेवो एवं चार्ली कंपनी के द्वारा शुक्रवार को एलमागुंडा साप्ताहिक बाजार में सिविक एक्शन प्रोग्राम केतहत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ नितीश 110 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को मौसम में हो रही बदलाव के कारण हो रही बीमारी से बचाव के भी जानकारियां दी गई।

सीआरपीएफ सेकेंड बटालियन की इलाके में तैनात होने के बाद से ग्राम मुरर्कराजकोण्डा व ग्राम दुलेड व एलमागुंड़ा में लगातार ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास रत है। सुरक्षा बल का कैंप स्थापित होने के साथ ही इलाके में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, स्कूल व आंगनबाड़ी सहित बुनियादी सुविधाओं का गांव तक पहुंचाया जा रहा। नक्सलवाद के कारण जहां इस इलाकों का विकास कार्य रुका गया था, अब तेजी के साथ गांव में बुनियादी किए जाएंगे। यहां के ग्रामीण एवं क्षेत्र की जनता की सहयोग से इलाके में सुरक्षा और शांति स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण, चिकित्सा अधिकारी डॉ नितीश, सहायक कमांडेंट राजीव, सहायक कमांडेंट ज्ञानेश, एनसी महंत सहित सीआरपीएफके जवान मौजूद थे।

### सीआरपीएफ हमेशा तत्पर : अनामी शरण

सीआरपीएफसेकेंड बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण ने बताया कि इन दिनों अचानक मौसम में आई बदलाव से बड़ी संख्या में बुखार सर्दी खांसी से ग्रामीण पीड़ित है, जिसे देखते हुए एलमागुंडा साप्ताहिक बाजार में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के ग्राम के 110 से अधिक ग्रामीणों का मुफ्त उपचार कर सभी को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। सीआरपीएफसेकेंड बटालियन के द्वारा समय समय पर सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत आसपास के ग्रामीणों की मदद करते रहते है, और कैंप में भी ग्रामीण पहुंचकर निःशुल्क उपचार करवाते है, आपसी तालमेल को और बेहतर करने हमेशा हमारी बटालियन इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करती रहती है।

## समाचार संक्षेप

### बालक छात्रावास केरलापाल में अधीक्षक ने छात्रों को वितरित किया स्पोर्ट्स ड्रेस



**सुकमा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एआईएसएफ प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम, एआईवायएफप्रदेश उपाध्यक्ष राजेश नाग, सयुंक्त छात्रावास अध्यक्ष कलमू मुका, पुनेम जोगा के के उपस्थिति मे छात्रों ड्रेस वितरण किया गया। सुकमा ब्लॉक के प्री मैट्रिक बालक छात्रावास केरलापाल मे अधीक्षक की ओर से छात्रो को हर बर्ष वितरण किया जाता है। इस वर्ष भी सभी छात्रो को ठंड से बचने के लिए ड्रेस वितरण कर अच्छा पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। अधीक्षक रवीन्द पोड़ियाम ने कहा कि बच्चो के लिए हर साल एक बार ड्रेस वितरण करने का प्रयास मेरे ओर से करता हुं ताकि बच्चो का पढ़ाई पर अच्छा ध्यान आकर्षित हो सभी बच्चे इससे पढ़ाई करने के लिए अपने आप खुशी जाहिर करते है हमेशा खुश रहते है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम, राजेश नाग ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है, जो आप देश की किसी भी कोने मे जाकर खड़ा हो जाओगे तो आपको सम्मान देगा बशर्ते इस समय आपको पढ़ाई का दिन है इस पर ध्यान केंद्रित करना अनिवार्य होगा तभी संभव है, पढ़ाई का महत्व समझने का वक्त ये ही है, अगर आप इस वक्त को सदुपयोग करोगे आपका भविष्य का फ्ल अवश्य मिलेगा। आगे कहा कि सुकमा जिले के सभी बच्चे होनहार है, बस पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत है, मार्गदर्शन की आवश्यकता है, जिले के होनहार युवाओ छात्रो का उदाहरण देते हुए नाम गिनाई जैसे आदिवासी छात्र जो आज एमबीबीएस डॉक्टर बने, लगातार बन रहे है, अभी अभी छिन्दगढ ब्लाक के पाकेला से कु. चंदा नाग नायब तहसीलदार बने है, कई युवा लॉ कर लिये है कर रहे है, इस तरह हमारे लिए बहुत सारे उदाहरण है इससे प्रेरित होकर पढ़ाई करने की जरूरत है। सभी छात्रो को पढ़ाई पर ध्यान आकर्षित करने कहा गया।

### लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन के लिए जागरुकता अभियान 10 दिसम्बर तक




**दंतेवाड़ा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर जिला दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इस क्रम में विगत दिवस को शासकीय दन्तेश्वरी महाविद्यालय दंतेवाड़ा में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिसमें संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 की जानकारी देते हुए बताया गया कि कोई भी कामकाजी महिला चाहे वह शासकीय, अर्ध शासकीय, निजी क्षेत्र का संगठन, शैक्षिक, मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवायें, वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा हो या दैनिक मजदूरी, घरेलू कर्मकार ये सभी महिलाएं इसके अंतर्गत आती है यदि इनके साथ अपने कार्य के दौरान उनके उच्चाधिकारी या सहकर्मी द्वारा कोई लैंगिक कृत्य किया जाता है या ऐसे कृत्य की मांग की जाती है तब वह महिला आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय शिकायत समिति में शिकायत कर सकती है। या सी बाक्स पोर्टल के माध्यम भी शिकायत कर सकती है। इसके अलावा घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 के विषय में बताया गया कि घरेलू हिंसा घर के अंदर होने वाला हिंसा है जो घर के किसी व्यक्ति द्वारा जो उस व्यथित महिला के रक्त संबंध में आता है व साझी गृहस्थी में निवास करता हो। घरेलू हिंसा शारीरिक, मौखिक व भावनात्मक, दहेज के लिए प्रताड़ित करना एवं आर्थिक रूप हो सकता है। इसके साथ ही बाल संरक्षण ईकाई से काउंसलर शशीकांत झा द्वारा बाल अपराध व बच्चों के अधिकार, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, रेखा सिंह द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में 05 दिन मिलने वाले अल्पकालीन सुविधाओं, स्थानीय शिकायत समिति अध्यक्ष पार्वती परिहार द्वारा मोबाइल से हो रहे साइबर क्राइम, प्रोफेसर अर्चना झा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के विषय में बताया गया।

### उपभोक्ताओं ने छत पर बनाया खुद का बिजली घर, मिल रहा योजना का लाभ



उत्तर बस्तर कांकेर 06 दिसम्बर 2024/ प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा को घरों तक पहुंचाकर उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत सौर ऊर्जा अपनाने वाले नागरिकों को सरकार की ओर सब्सिडी प्रदान की जाती है, जिससे इसकी लागत कम हो जाती है। जिले में इस योजना ने कई परिवारों की आर्थिक और ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया है। समीप के ग्राम ठेलकाबोड़ निवासी सुमित्रा मंडावी ने चार किलो वॉट का सोलर ऑन-ग्रिड प्लांट लगाया, जिससे उन्हें 78 हजार रूपए की सब्सिडी का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उक्त योजना से विद्युत देयक में 80 प्रतिशत तक की बचत होती है। सरकार की सब्सिडी ने सौर ऊर्जा और अधिक आसान बना दिया है। इसी तरह ग्राम पंडरीपानी के विद्युत उपभोक्ता धनेश साहू ने उक्त योजना के तहत अपने घर की छत पर तीन किलो वॉट का सोलर ऑन-ग्रिड रूफ टॉप प्लांट स्थापित किया है। साहू ने बताया कि इस योजना के तहत मिलने वाले अनुदान से बिजली को और भी किफायती बना दिया है। यह योजना आम आदमी के लिए वरदान है। इसी प्रकार सुभाष वार्ड कांकेर के निवासी व्यवसायी मनोहर मंगलानी ने बताया कि उन्होंने भी तीन किलो वॉट का सोलर ऑन-ग्रिड प्लांट अपनी छत पर स्थापित कराया है। मंगलानी ने कहा- 'सौर ऊर्जा ने हमें आत्मनिर्भर बनाया है और सरकार की मदद से यह संभव हो पाया है।'छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता सतीश किण्डो ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सरकार ने सौर ऊर्जा सिस्टम बनाने के लिए सब्सिडी का प्रावधान किया है। इसके तहत एक किलो वॉट में 120 तक की बिजली फ्री रहेगी। इसमें 30 हजार रूपए की सब्सिडी दी गई है, जो एक छोटे घर के लिए लाभदायक है। इसी तरह दो किलो वॉट में 240 से अधिक यूनिट तक की बिजली फ्री रहेगी। इसके तहत 60 हजार रूपए की सब्सिडी दी जाएगी, जो एक मध्यम घर के लिए लाभदायक होगा। इसी तरह तीन किलो वॉट में 360 तक यूनिट तक बिजली फ्री रहेगा, इसके तहत 78 हजार रूपए की सब्सिडी दी जाएगी।

## एक नजर



**सुकमा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 6 दिसम्बर को तोंगपाल के कानापारा मां भंडार मंदिर के मैदान में संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम रखा गया जिसमें पधारे पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान कोंटा विधायक कवासी लखमा दादी पूर्व विधायक कार्यक्रम प्रभारी राजमन बेंजाम और साथ में महादेव नाग कार्यक्रम को संबोधित किया और सभी को संविधान के विषय में ग्रामीण एवं कार्यकर्ताओं को जानकारी दी ग्रामीण और कार्यकर्ता अपने लोकप्रिय विधायक कवासी लखमा दादी को अपने बीच पाकर खुशी महसूस किए।

### नक्सलियों ने की पूर्व सरपंच की धारदार हथियार से हत्या

**सुकमा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के बिरयाभूमि के पूर्व सरपंच सूकलू फरसा की नक्सलियों ने की हत्या कर दी है। घटनास्थल पर नक्सलियों ने पर्चा भी लगाए है। बिरयाभूमि के पूर्व सरपंच सूकलू फरसा को नक्सलियों ने दो से तीन बार बीजेपी पार्टी छोड़ने की चेतावनी दी थी इसके बाद भी सुकलू फरसा के ना मानने से मौत की सजा सुनाई। बीते दिनों सुकलू फरसा की नाबालिक बेटी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर रिहाई की गुहार लगाई थी। भैरमगढ़ एरिया कमेटी माओवादी ने हत्या की जिम्मेदारी ली है।



### पांच दिन से लापता छात्र पर चोरी का आरोप लगा रहे पोटा केबिन प्रबंधन

**सुकमा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मरईगुड़ा पोटा केबिन से लापता छात्र मामले में नया मोड़ आ गया है। पांच दिनों से लापता छात्र पर अब पोटा केबिन प्रबंधन व एक शिक्षिका ने चोरी का आरोप लगाया है। उक्त छात्र पर वनग्राम गोल्ड चैन व चार्जिंग लाईट चुराने का आरोप है। वहीं छात्र के परिजनों ने कहा कि पोटाकेबिन अपनी लापरवाही छुपाने के लिए आरोप मढ़ रहे हैं। बता दें कि मराईगड़ा पोटाकेबिन का कक्षा 6 वीं का छात्र के. महेश चार दिन से लापता है। 3 दिसंबर को छात्र स्कूल के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। छात्र का अपहरण हुआ या छात्र अपने से कहीं चला गया, मराईगुड़ा पुलिस इसकी जांच कर रही है।



## नपा की अकर्मण्यता के चलते नगर में फुटकर सब्जी विक्रेताओं को हो रही है परेशानी

# सड़क किनारे धूप में बेच रहे सब्जी, शेड की छांव में बिक रही शराब और सल्फी

- **लाखों रुपये खर्च कर बनाया शेड मगर वहां नहीं बैठाया सब्जी वालों को**
- **पालिका की एक सुलभ काम्पलेक्स परिसर में भी खुलेआम बेची जाती है शराब**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**दंतेवाड़ा 8 दिसंबर।** एक बड़ा प्रसिद्ध दोहा है कि रामचन्द्र कह गए सिया से ऐसा कलियुग आएगा, हंस चुगेना दाना तिनका और कौवा मोती खाएगा.. बिलकुल इसी तर्ज पर खबर के साथ लगी यह तस्वीर यह बताने के लिए काफी है कि इस कलयुग में सब्जी, दुध भले ही खुले आसमान के नीचे बिकता हो मगर शराब ऐसे खुले में बिकते कहीं नहीं पाओगे। यह भी बात सौ टका सच है कि सब्जी दुध तो बेचने वाले घर तक पहुंच सेवा देते हैं मगर शराब पाने के लिए आपको मयखाने तक जाना पड़ता है। यही कलयुग है। अब अपने सुधि पाठकों को थोड़ा वास्तविकता की धरा पर ले चलते हैं। गौरतलब है कि हाल ही में नगर पालिका दंतेवाड़ा द्वारा फरसपाल पुलिया पार सड़क के एक ओर करीब 4 लाख रूपए खर्च कर फुटकर सब्जी विक्रेताओं के लिए छोटा सा पक्का शेडयुक्त एक स्ट्रक्चर खड़ा किया गया है जिसे सब्जी शेड स्थल कहा जा सकता है। यह इसलिए बनाया गया है ताकि फरसपाल चौक पर ग्रामीण क्षेत्र से आकर सब्जी बेचने वाले ग्रामीण विक्रेता सडक किनारे खुले में न बैठें उन्हें एक व्यवस्थित जगह बैठने को मिल सके। धुप व बारिश में सब्जी बेचने वालों को कोई दिक्कत न हो इसी उददेश्य से इस सब्जी शेड का निर्माण पालिका ने करवाया है। मगर दुर्भाग्य से सब्जी शेड बन जाने के बाद भी फरसपाल चौक पर सड़क किनारे, धूप में छतरी लेकर ग्रामीण आज भी सब्जी बेच रहे हैं वहीं दुसरी ओर नवनिर्मित सब्जी शेड तले बैठकर कुछ लोग देशी शराब, लंदा, सल्फी व ताड़ी जैसे नशीले पेय पदार्थ मजे से बेच रहे हैं। नगर पालिका ने लाखों खर्च कर शेड तो बनवा दिया मगर जिस उद्देश्य से इसे बनाया गया है क्या उस उद्देश्य की पूर्ति हुई? यकीनन पालिका के अधिकारी के पास इसका कोई जवाब नहीं होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर जनता के टैक्स के पैसे को बरबाद क्यों किया जा रहा है? कुछ ऐसा ही हाल इंडोर स्टेडियम के पास बने पालिका के एक पुराने सुलभ शौचालय का भी है जहां सुलभ के अंदर कमरे में कुछ लोग गेलन गेलन शराब रखकर ताला लगाकर रखते हैं और हर सुबह सुलभ काम्पलेक्स के परिसर में बैठकर खुलेआम वहां मदिरा प्रेमियों को शराब परोसी जाती है। क्या इसकी जानकारी भी पालिका को नहीं?



### सभी शासकीय अस्पतालों एवं चॉइस सेंटरों में बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

**उत्तर बस्तर कांकेर, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत कांकेर जिला में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन' का कार्य सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों एवं समस्त चॉइस सेंटरों में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को रूपये 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हे भी दोबारा पंजीयन, ई-केवाईसी करवाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन करवाने हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। कांकेर जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन हेतु कुल लक्ष्य 29 हजार 623 प्राप्त हुआ है, जिनमें से अब तक कुल 475 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवा लिया है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल या चॉइस सेंटर में जाकर अतिशीघ्र पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

## दोषियों को सजा दिलाने की बजाय उजागर करने वाले पत्रकारों पर ही कार्रवाई करवा रहे केदार: हरीश कवासी

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**सुकमा, 8 दिसम्बर।** जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने प्रेस नोट जारी कर नारायणपुर विधानसभा के विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें अपने पद से इस्तीफा देने की बात कही है। कवासी ने अपने प्रेस नोट में कहा है कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर के नारायणपुर जिले में एक तस्वीर सामने आई है जो की मन को बेहद विचलित करने वाली है। मंत्री केदार कश्यप के विधानसभा क्षेत्र में विकास की दयनीय स्थिति को देखकर मेरा मन बेहद दुखी है क्योंकि मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में बच्चे टॉयलेट में रहकर पढ़ने को मजबूर है जो कि शासन के सुशासन पर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह लगता है। विष्णु के सुशासन में टॉयलेट में रहकर बच्चे अपना भविष्य गढ़ रहे हैं क्या ऐसे ही नवा छत्तीसगढ़ की कल्पना आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु साय ने किया है?

इस घटना को चार दिन बीत चुके हैं लेकिन अब तक इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मामला पर त्वरित कार्रवाई कर दोषियों को सजा देने के बजाय केदार यह बयान दे रहे हैं कि जिन पत्रकारों ने आश्रम में वीडियोग्राफी करके इस मामला को उजागर किया उन पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री केदार कश्यप के बयान से यह साफसमझ में आता है कि मंत्री यह मामला दबाने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। और मामला को उजागर करने वाले पत्रकारों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात के लिए केदार को पत्रकारों से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि पत्रकार हमारे देश का चौथा स्तंभ है अगर ये वीडियोग्राफी नहीं करते तो मामला जनता के बीच नहीं आता और बच्चे जो आने वाले कल का भविष्य है उन्हें इसी तरह टॉयलेट में रहकर न जाने कबतक शिक्षा पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता जो उनका मूलभूत अधिकार है। कवासी ने आगे कहा कि उल्टे सीधे बयानबाजी से नवा छत्तीसगढ़ नहीं बनेगा अगर उनसे अपना विधानसभा संभाल नहीं रहा तो अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए।

## ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव 2024: भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए कूप खनन को दें बढ़ावा

# जैविक कृषि समृध्द कृषि अर्थव्यवस्था की ओर एक कदम : अटामी

- **कृषि को लाभकारी व्यवसाय में परिवर्तन वर्तमान दौर की प्रमुख मांग, फसल उत्पादन के साथ उसके प्रसंस्करण के तौर तरीके भी सीखें कृषक : पद्मश्री भारत भूषण**
- **जिले के 14 ग्रामों का किया गया प्रमाणीकरण, कृषकों को दिए गए उन्नत कृषि यंत्र**

दंतेवाड़ा, 07 दिसंबर 2024। आज जावंगा ऑडिटोरियम में द्वि दिवसीय ''ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्कलेव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्र विधायक चैतराम अटामी ने वक्तव्य में कहा कि यह हर्ष का विषय है कि जिले में प्रथम बार ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्कलेव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन से न केवल हमारे जिले के जैविक कृषकों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही परंपरागत खेती के महत्व और उसकी परंपरागत विरासत को दर्शाया गया है। जैविक खेती न केवल कृषि की एक स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल विधि है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर को भी जीवित रखती है। अटामी ने किसानों की सराहना करते हुए यह संदेश दिया है कि वे जिले के गौरव को बढ़ा रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती की परंपरा हमारे पूर्वजों के समय से चली आ रही है, जो इस क्षेत्र की विशेषता और पहचान है। इस प्रकार के आयोजन से न केवल किसानों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। जैविक खेती को बढ़ावा देने से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और समृद्ध कृषि अर्थव्यवस्था की ओर भी यह एक सकारात्मक कदम है। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि जिले में अंधाधुंध भूमिगत जल दोहन करने के दुष्परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अत्यधिक बोर खनन से जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है अतः हमें घर -घर कुएं के निर्माण को बढ़ावा देना होगा। इसके साथ ही उन्होंने गोवंश पालन के महत्व को बताते हुए कहा कि जैविक खाद का प्रमुख स्त्रोत गोवंश ही है अतः गायों सहित अन्य पशुओं को घुमन्तु न बनाए। राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में प्रारंभ की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि शासन किसानों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक का यह भी कहना था कि वे स्वयं किसान पुत्र है और विधायक होने के बाद भी आज खेतों में काम करना उनके लिए गर्व की बात है। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रदेशों से आए जैविक कृषि विशेषज्ञों को आने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जैविक कृषि विशेषज्ञ पद्मश्री भारत भूषण त्यागी ने भी अपना वक्तव्य दिया ज्ञात हो कि बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के निवासी त्यागी भारतीय किसान शिक्षक और प्रशिक्षक है। जिन्होंने जैविक कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया है। उनका कहना था कि कृषकों की आर्थिक विकास जैविक कृषि से ही संभव है। इसके अलावा हमें बहु फसलीय पद्धति का भी अनुकरण करना होगा। यदि पूरी समझदारी से जैविक कृषि के नियमों को सीखा जाए तो फसल उत्पादन में बढ़ोतरी निश्चित है इसके अलावा भारत सरकार द्वारा प्रमाणीकरण भी निशुल्क किया गया है। कृषकों को अपने जैविक उत्पादन के साथ उसके प्रसंस्करण प्रक्रिया भी अपनानी पड़ेगी। कुल मिलकर कृषि का लाभकारी व्यवसाय में बदलना इसका अंतिम उद्देश्य है। उत्तर प्रदेश और यहां के कृषि परिदृश्य की तुलना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुकाबले यहां जैविक कृषि के लिए अधिक अनुकूल अवसर है यहां के प्राकृतिक संसाधन और भूमि के चलते यह क्षेत्र जैविक कृषि में अग्रणी बन सकता है। इसके साथ ही उन्होने कहा कि जैविक कृषि के संबंध में नाना प्रकार के तौर तरीकों में उलझना हितकर नहीं है इसके बजाए हम एक सीधे रास्ते का अनुकरण करें। जैविक कृषि भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। जैविक खेती न केवल पर्यावरण के लिए अनुकूल है, इससे न केवल किसानों की आय भी बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक भोजन प्राप्त होगा।

# कलेक्टर पहुंचे जुगाड़ एवं धुरवागुड़ी सेजेस की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 8 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज मैनपुर ब्लॉक के अंतर्गत वनांचल गांव जुगाड़ एवं धुरवागुड़ी में पहुंचकर विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने जुगाड़ में प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल का निरीक्षण किया। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र में भी जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।धुरवागुड़ी पहुंचकर स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सबसे पहले ग्राम जुगाड़ के प्राइमरी एवं मीडिल स्कूल में शिक्षा व्यवस्था का अवलोकन करते हुए स्कूल में स्टॉफ एवं संसाधनों की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। साथ ही विभिन्न कक्षों में जाकर बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा। कलेक्टर ने बच्चों से सामान्य ज्ञान सहित देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का नाम पूछकर उनके सामान्य सीख को परखा। कक्षा पांचवी के छात्र रूपेश से तेरह का पहाड़ा पूछने पर उन्होंने फर्राटेदार तरीके से तेरह का पहाड़ा कलेक्टर को सुनाया। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का भी नाम उत्सुकता के साथ बताया। बच्चों की पढ़ाई का स्तर एवं बेहतर सीख को देखकर कलेक्टर ने बच्चों की खूब प्रशंसा करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार छात्रा प्रियंका कश्यप से भी पढ़ाई के बारे में चर्चा की। उन्होंने भी चहकते हुए कलेक्टर को सही जानकारी दी। इस पर भी कलेक्टर ने उन्हें शबासी दी। इस दौरान कलेक्टर ने स्कूल परिसर में रसोई कक्ष एवं सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। साथ ही परिसर में मौजूद आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया। परिसर में पेयजल आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा चलित पानी टंकी को नया लगाने के निर्देश दिये। जुगाड़ स्कूल की शिक्षिका एवं एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक श्री के.एस. नायक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## लैब में उपकरण,लायब्रेरी में किताबें बेतरतीब पाई गई तो शिक्षकों को फटकार लगाई

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने धुरवागुड़ी में स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षों में जाकर बच्चों से बात की। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जरूरी शब्द एवं अक्षर ज्ञान की जानकारी ली। बच्चों ने भी तत्परता के साथ कलेक्टर को पढ़ाई के बोर में बताया। इस दौरान कलेक्टर ने पुस्तकालय भवन एवं प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण किया। वहां पर प्रयोगशाला उपकरण एवं किताब अव्ययस्थित पाये जाने पर लाईब्रेरी एवं लैब शिक्षक पर गहरी नाराजगी जताई। साथ ही परिसर में फैले गंदगी के लिए भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश देते हुए प्राचार्य सहित लैब एवं लाइब्रेरी शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शिक्षकों को स्वयं अनुशासित रहकर बच्चों को भी अनुशासन एवं किताबों से संबंधित जरूरी ज्ञान सिखाने को कहा। उन्होंने बच्चों को दिये जाने वाले मध्यान्ह भोजन के लिए रसोई कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता एवं आवश्यक खाद्यान्न सामग्री की जानकारी ली। कलेक्टर ने बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदान करने के सख्त निर्देश खाना बनाने वाले संबंधित समूह को दिये। कलेक्टर ने परिसर में निर्माणाधीन भवन को भी गुणवत्तायुक्त तरीके से तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## एक नजर

### माओवादियों ने की गला घोंटकर हत्या

**बीजापुर, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हत्या कर महिला के शव को आंगन में डाल दिया गया था। मौके पर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन मद्देड़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है।माओवादियों के द्वारा पर्चा में मृतिका पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करना लेख किया गया है।थाना बासागुड़ा द्वारा शव कब्जे में लेकर अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है घटना के संबंध मे यह भी जानकारी मिली है कि जब मां के साथ घटना को अंजाम दे.रहे थे तब बेटे ने मां को बचाने भरपूर प्रयास लेकिन अज्ञात माओवादी बेटे के साथ भी हाथापाई कर वहां से भगा दिया यहां बताते तिम्मापुर मे.सीआर पी एफ कैंप स्थापित है घटना स्थल से केंप दूरी लगभग एक किलोमीटर है इसके बावजूद अज्ञात माओवादी घटना को अंजाम देकर वहाँ से भाग निकले।

### निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान प्रारंभ

**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान चार चरणों में गतिविधियां आयोजित किये जायेंगे। प्रथम चरण-07 से 22 दिसंबर 2024 तक प्रचार-प्रसार, जन भागीदारी गतिविधियां, घर-घर सर्वे, सूची बनाना-उच्च जोखिम एवं टी.बी, कुष्ठ, शंकास्पद, वयोवृद्ध व्यक्ति पहुंचना होगा। इसी तरह द्वितीय चरण-23 दिसंबर से 28 फरवरी 2025 तक मलेरिया हेतु मोपअप गतिविधि एवं फालोअप, एक्स-रे हेतु मोबिलाइजेशन, टीबी सैंपल संग्रहण एवं जांच का आयोजन होगा। तीसरा चरण- 01 मार्च से 15 मार्च तक स्वास्थ्य शिविर, सहायक उपकरणों की पुष्टि, चतुर्थ चरण-अंतिम रिपोर्टिंग संकलन कर स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। कार्यक्रम में सभी उच्च जोखिम वाले समूहों के मरीजों को अपील की जायेगी। साथ ही टी.बी उपचारत मरीजो को अतिरिक्त पोषण के रूप में फूड बास्केट वितरण किया जायेगा। उक्त 100 दिवस अभियान के दौरान संबंधित क्षेत्र के मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर टी.बी, कुष्ठ, मलेरिया, वयोवृद्ध इत्यादि संदेहास्पद मरीजों का चिन्हांकित कर स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क एक्स-रे एवं उच्च तकनीक द्वारा जांच कर समुचित उपचार किया जाएगा।

### ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ एवं जिला कार्यालय क्रेडा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ऊर्जा एवं जल संरक्षण हेतु एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुआ। जिसमें जोनल क्रेडा कार्यालय रायगढ़ के कार्यपालन अभियंता जे.आर.साण्डे एवं जिला प्रभारी श्री सुमन किशोर किन्डो तथा इस केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ.बी.एस.राजपूत के साथ-साथ डॉ. खूबचंद बघेल पुरस्कार से सम्मानित कृषक श्री खेमराज पटेल के साथ अन्य 70 से अधिक प्रगतिशील कृषक भी विशेष रूप से एवं आकाशवाणी केंद्र रायगढ़ से श्री रामविलास पटेल उपस्थित थे। जे.आर.साण्डे ने कहा कि प्रकृति में उपस्थित ऊर्जा की विभिन्न स्त्रोतों का सावधानी पूर्वक उपयोग और संरक्षण करना चाहिए। डॉ.बी.एस.राजपूत ने मृदा एवं जल संरक्षण हेतु समस्त वैज्ञानिक तकनीक को संतुलित तरीके से अपनाने के लिए कहा एवं जल संरक्षण के देशी एवं व्यवहारिक विधियों को अपनाकर ऊर्जा बचत में योगदान कर सकते हैं।

### पार्षद जितेंद्र ने आज पुनः शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में बांटी खेल सामग्री



**बीजापुर 8 दिसंबर।** नगरपालिका के युवा पार्षद जितेंद्र हेमला आज फिर नगर के स्वामी आत्मा नंद विधालय पहुंच कर वहां के बच्चों से मिले और खेल सामग्री भैंट की इस प्रकार पार्षद जितेन्द्र हेमला लगातार नगर के विभिन्न स्कूलो मे वहां के बच्चों मे खेल के प्रति न केवल रुचि बढ़ा रहे है बल्कि उनके शारिरिक मानसिक विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है खेल सामाग्रियों मे वाली वाल फुटबॉल क्रिकेट किट बैडमिंटन किट कैरमबोर्ड लुडो गोला तावा चेसबोर्ड आदि सामिल है इस मौके पर विधालय के प्राचार्य अमित गांधरला उपप्राचार्य मनोज हल्लूर वरिष्ठ शिक्षिका राजरानी पामभोई प्रधान पाठिका श्री मती सुमन गढपाले श्रीमती मेधा मनीष शिक्षिका श्रीमती बसंती ठक्कर श्री मती माधुरी थापा लक्ष्मी ठाकुर पी शिवम श्रीमती सीमा लाटकर साधना जैन विष्णु तेलम ओविंस कावरे तृप्ति झाडी श्रीमती ममता नाग श्रीमती कृति मोरला श्रीमती भाग्यवती चापडी दुब्बा आवर्ती देवकीनंदन पटेल बंसल कंवर श्रीमती शशि यादव अमृता बीरा आराधना कडिक आकांक्षा कडिक श्रीमती प्रतिभा कोंडा मगलदेई बघेल अर्जुन पटेल श्रीमती मोहसिना बेगम तरन्नुम निशा पारुल कुशवाहा मौजूद रहे।




**बीजापुर, 8 दिसंबर।** कार्यशाला में उपस्थित महिला अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा बाल विवाह रोकने के संबंध में शपथ ली गई एवं हस्ताक्षर अभियान में कार्यशाला में उपस्थित महिला अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

# पोटाश बम से घायल हाथी को बचाया नहीं जा सका, इलाज के बाद भी हो गई मौत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- ■ वन अधिकारी एवं डॉक्टर ने किया इलाज का काफी प्रयास
- ■ पोटाश बम का इस्तेमाल करने करने वाले शिकारी बच नहीं सकतेः वरुण जैन

**गरियाबान्द 8 दिसंबर।** गरियाबंद जिले में घायल हाथी की अंततः मौत हो गई वन विभाग द्वारा इलाज के भारशक प्रयास के बावजूद हाथी के बच्चे को बचाया नहीं जा सका। एक माह पहले ठीक आज ही के दिन शिकारियो के केमिकल युक्त पोटाश बम मुंह में फटने से हाथी का बच्चा घायल हुआ था। इसके बाद उदंती सीता नदी टाइगर प्रोजेक्ट एरिया के वन विभाग की पूरी टीम इस हाथी के इलाज में लगी हुई थी जंगल सफारी से डॉक्टर राकेश वर्मा तथा डॉक्टर डी मुर्गन को बुलवाकर इलाज करवाया जा रहा था जिसमें 30 लोगों की टीम लगी हुई थी कुछ दिन पहले हाथी के बच्चे की स्थिति सुधर गई थी काफी एक्टिव होने के बाद उसने एक बच्ची की जान भी ले ली थी मगर उसके मुंह में मौजूद जख्म पकने लगे थे उनमें मवाद बन रहा था जिसके चलते 2 दिन पहले गरियाबंद जिले के तौरंगा परिक्षेत्र के करेली गांव में दोबारा हाथी की तबीयत बिगड़ी और शनिवार दोपहर 3-35 बजे हाथी के बच्चे ने अंतिम सांस ली। वन विभाग कल पोस्टमार्टम कर इसका अंतिम संस्कार करेगा तो वही अधिकारियों ने पोटाश बम जंगल में लगाने वाले शिकारी का पता लगाकर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है. गरियाबंद जिले में मरने वाला यह चौथा हाथी है इसके पहले 1 हाथी की मौत उदंती क्षेत्र में तथा 2 हाथी मौत गरियाबंद वन मंडल क्षेत्र में हो चुकी है.

कहीं यह मानव हाथी द्वंद का परिणाम तो नहीं

वही लोग इसे अब हम मानव हाथी द्वंद के रूप में देख रहे हैं क्योंकि पहले लोगों के बम से हाथी घायल हुआ फिर उसकी स्थिति में सुधार होने पर उसने एक बालिका की जान ले ली और अंततः उसे घायल हाथी की मौत हो गई अब इस घटना का प्रभाव उसके झुंड पर क्या पड़ता है यह देखने वाली बात।

## कलेक्टर रोहित ने किलकिला के पंप हाउस का किया निरीक्षण



**पत्थलगांव।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास दिन गुरूवार की शाम यहा के ग्राम किलकिला में पंप हाउस का निरीक्षण किया। मांड नदी में स्थापित इस पंप हाउस के माध्यम से पानी फिल्टर होकर पेयजल पत्थलगांव में सप्लाई किया जाता है। कलेक्टर ने ग्राम किलकिला के पंप हाउस में पहुंच कर पानी की सप्लाई किए जाने की व्यवस्था और पंप की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा किलकिलेश्वर महादेव परिसर में प्रवेश द्वार बनाने के साथ ही बाउंड्रीवाल, मांड नदी में बने एनीकेट में घाट निर्माण सहित अन्य धोषणाओं के संबंध में चर्चा की और स्थल का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# लंबी दूरी तय करने से मिली मुक्ति,316 परिवारों को मिलेगा अब गांव में ही राशन

■ गांव में हर्षोल्लास का माहौल नियद नेल्लानार के ग्राम कुरुश के 62 परिवारों को मिलेगा लाभ



**बीजापुर 8 दिसबंर।** वंचित समुदाय व गरीबों को दोनों समय भरपेट राशन मिले यह राज्य शासन की प्राथमिकता में है। इसीलिये अंदुरूनी क्षेत्रों में प्राथमिकता से उचित मूल्य की दुकान का निर्माण किये जा रहे हैं, ताकि उन्हें अपने गांव में ही अनाज उपलब्ध हो पाए। जनपद पंचायत बीजापुर की ग्राम पंचायत बुरजी में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान रंगरोगन के साथ बनकर तैयार है। इस दुकान के निर्माण होने से राशन कार्डधारी लगभग 316 परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। खास बात यह है कि नियद नेल्लानार के ग्राम कुरूश के 235 जनसंख्या के 62 परिवारों को राशन अब बुरजी के उचित मूल्य की दुकान से ही मिल जाएगा। इन सभी कारणों से गांव में हर्ष का माहौल है।

उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण होने के पूर्व ग्राम पंचायत बुरजी सहित इन ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर गंगालूर जाकर राशन लाने को मजबूर थे। पगडंडीं रास्ता के साथ ही नदी- नाला पार कर ग्रामीण राशन लाने को मजबूर थे। एक परिवार को मिलने वाले कम से कम 35 किलोग्राम चांवल को घर लाना हितग्राहियों के लिए दिनभर थका देने वाला कार्य था। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि की राशि का उपयोग कर बने इस दुकान से ग्रामीण परिवारों को लम्बी दूरी तय करने की समस्या से निजात मिल पाएगी।

ग्रामीण बताते हैं कि गंगालूर से राशन लाने एक परिवार के 2 से 3 लोगों को जाना पड़ता था, रास्ता सही नहीं होने के कारण कावड़ के माध्यम से कंधे पर ढोकर, महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ राशन को सर में ढोने के लिए मजबूर थीं। दुकान बन जाने से हमें अपने ही गांव में राशन मिल पाएगा। जिससे ग्रामीणों में हर्षोल्लास का माहौल है।

## जीतने के इरादे से मशाल लेकर निकले बस्तर ओलंपिक के खिलाड़ी

**बीजापुर 8 दिसंबर।** संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 12 से 14 दिसंबर को संभाग मुख्यालय जगदलपुर में आयोजित होगा। बीजापुर जिले के बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तर पर चयनित खिलाड़ियों के दल ने जीत का हौसला बुलंद कर मशाल रैली के माध्यम से जगदलपुर के लिए रवाना हुए। डिप्टी कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त टीम में 20 खिलाड़ी शामिल है। भैरमगढ़ पहुंचने पर एसडीएम श्री विकास सर्वे के नेतृत्व मशाल रैली का भव्य एवं जोशीला स्वागत किया गया। 4.15 बजे बस्तर संभाग के सातों जिलों की रैली जगदलपुर शहर में भ्रमण करेगी जो जिला पंचायत से कोर्ट होते हुए कलेक्टोरेट -चांदनी चौक -शहीद पार्क -कोतवाली चौक होते हुए स्टेट बैंक चौक -मेन रोड-गोल बाजार- दंतेश्वरी मंदिर से दलपत सागर पहुंच कर दीपोत्सव में शामिल होकर समापन होगा।



# माओवादियों के बटालियन नंबर-1 के कोर क्षेत्र जिड़पल्ली में नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 8 दिसंबर ।** जिला बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करने के उद्देश्य से श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर (छ0ग0), श्री राकेश अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक, केरिपु छत्तीसगढ़ रायपुर, श्री कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, श्री सूरजपाल वर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोंटा के मार्ग-दर्शन एवं डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक, जिला बीजापुर, श्री लतीफ कुमार साहू कमांडेंट 228 वाहिनी केरिपु, श्री संतोष कुमार कमांडेंट 204 कोबरा वाहिनी, श्री शशिभूषण कमांडेंट 208 कोबरा वाहिनी के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित ''नियद नेल्ला नार÷ योजना के तहत माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के सुरक्षित कहे जाने वाले कोर क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैम्प ''जिडपल्ली 2÷ दिनांक 03/12/2024 को स्थापित किया गया। यह कैम्प माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के सुरक्षित क्षेत्र में स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करना और आम जनों तक विकासात्मक कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है । क्षेत्र में सड़क मार्ग का विस्तार और पुलों का निर्माण किया जाएगा ताकि आम जनता को आसानी से आवागमन की सुविधा मिल सके। क्षेत्र में बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि लोगों को इन मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके । क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। क्षेत्र में पीडीएस दुकानें खोली जाएंगी ताकि लोगों को राशन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा उनके गांव में ही मिल सके। क्षेत्र में अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को मोबाइल सेवाओं का लाभ मिल सके। नए कैम्प की स्थापना से क्षेत्र में आम-जनों में खुशी का माहौल बना हुआ है । दिनांक 05/12/2024 को माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलों की आउटर कार्डन टीम पर बीजीएल से हमला किया गया था, जिस पर जवानों के द्वारा माओवादियों को मुहतोड़ जवाब दिया गया । माओवादी अंधेरे का फायदा उठा कर में भाग खड़े हुए। कैम्प स्थापना के दौरान फेंगल तूफान का प्रभाव और माओवादियों के द्वारा किया गया हमला भी जवानों के मनोबल को हिला नही पाया। जवान लगातार मोर्चा संभाले हुए है ।

# कृषक उन्नति योजना की राशि का उपयोग भूमि सुधार करने में लगाया



**बीजापुर, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के किसान हितैषी निणर्य और अपने किए गए वायदो को पूरा करने से खेती-किसानी में बढ़ोतरी और किसानों के घर में खुशहाली आई है। तुमनार निवासी किसान राजू तेलम एवं उनके पिता सन्नू तेलम ने बताया कि पिछले 2-3 वर्षो से 1 क्विंटल 20 किलो धान बेचते थे पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद कृषक उन्नति योजना से आदान राशि 1 लाख 10 हजार रूपए मिला जिससे खेत में भूमि सुधार का काम 5 एकड़ में कराया जिसके परिणाम स्वरूप 40 क्विंटल धान का अतिरिक्त उत्पादन हुआ है। 31 सौ रूपए में धान खरीदी के कारण धान खरीदी अब उत्सव के रूप में किसान मना रहे हैं। राजू तेलम ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार मानते हुऐ खेती किसानी को बढ़ावा देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।राजू तेलम की पत्नी पहली बार पहुंची धान उपार्जन केन्द्र राजू तेलम की पत्नी सुमित्रा तेलम धान संग्रहण, केन्द्र बीजापुर में पहली बार पहुंचकर धान के बिक्री की प्रक्रिया को देखी सुमित्रा बताती है कि शासन के नीति और किसानों के मेहनत और समझदारी की बदौलत धान के उत्पादन में वृद्धि हुई आदान सहायता की राशि का हमने सदुपयोग किया और धान का उत्पादन बढ़ा। इसी तरह अन्य किसानों में भी उत्साह है धान खरीदी अब पर्व की तरह है इसलिए मुझे भी इच्छा हुई कि अपने पति के साथ धान मंडी आकर प्रक्रिया को देखूं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सार्थक पहल से खेती किसानी को नया जीवन मिला है।

# लखपति दीदी की पहल से जुड़कर शारदा मरकाम की आर्थिक गतिविधियों का खुला द्वार



**बीजापुर, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम रेड्डी की शारदा दीदी विभिन्न आवश्यकता के लिए परिवार पर आश्रित एवं गृहिणी के रूप में सिमटा हुआ उनका दिनचर्या था। वे मुख्य रूप से घरेलू कार्यों में शामिल रहती थी जिससे उन्हें कोई मौद्रिक लाभ नहीं मिल पाता था वे किसी भी वित्तीय आवश्यकता के लिए अपने पति पर आर्थिक रूप से निर्भर थी।लखपति दीदी पहल में जुड़ने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत् लखपति दीदी योजना अंतर्गत बीजापुर विकासखण्ड के रेड्डी ग्राम में शारदा मरकाम जून 2017 में जगृति स्वसहायता समूह में परियोजना से जुड़ी जिसमें सब्जी उत्पादन के लिए उद्यानिकी विभाग से अभिसरण कर प्रशिक्षण प्रदाय कराया गया जिससे ये प्रयास उनके व्यवसाय की सफलता की कुंजी बनी। सब्जी उत्पादन को एक साधन के रूप में लेते हुए 0.50 एकड़ सब्जी खेती तैयार किया गया। जिसमें लगभग 52500 रूपये का प्रति 03 माह में आमदनी प्राप्त हुआ जिसके पश्चात उनके द्वारा वर्तमान में व्यवसाय के रूप में 3 एकड़ में सब्जी की खेती किया जा रहा है जिससे स्थानीय बाजार, आश्रम, पोटाकेबिन एवं सीआरपीएफ कैंप में 30000 से 35000 रूपये प्रति तिमाही विक्रय किया जाता है।ग्राम में गठित समूहों के संचालन में सहयोग के साथ-साथ महिलाओं को आजीविका गतिविधि के लिये प्रोत्साहित करने के लिये प्रयारत है एवं ग्राम में एक जागरूक महिला के रूप में पहचान बना चुकी है। सब्जी उत्पादन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण मिशन बिहान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक स्थिति में सुधार को प्रोत्साहित करता है। शारदा मरकाम को आजिविका गतिविधि के लिए सामुदायिक निधि से 20 हजार एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से 1 लाख 50 हजार का ऋण भी प्रदाय किया गया। जिससे सफल व्यवसायी बनकर आज शारदा सालाना दो लाख रूपए से ज्यादा का आय अर्जित कर रही है।

# नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत ग्रामों में हर घर जल प्रदाय करने के दिये निर्देश

**बीजापुर, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने गुरुवार को जिला कार्यालय के मिंगाचल सभाकक्ष में बीजापुर जिले में संचालित जल जीवन मिशन योजना हर-घर जल कार्य पूर्णता एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा किया गया। पिछले माह 19 नवम्बर को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री केशर अब्दूल हक द्वारा जिले में स्त्रोत विहीन ग्रामों के स्त्रोत निर्माण कार्यों की समीक्षा किया गया था। जिसमें दिसम्बर माह तक सभी जल स्त्रोत निर्माण के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये थे। जिले में स्त्रोत विहीन ग्रामों में नलकूप खनन एवं सोलर कार्य की गति धीमी होने पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। बीजापुर जिले में नियद नेल्लानार योजना आधारित ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों को पेयजल सुविधा प्रदाय करने के निर्देश दिये और जिला जल प्रयोगशाला बीजापुर को जल गुणवत्ता परीक्षण करने निर्देशित किये। जल जीवन मिशन योजना के संचालन में सहायक क्रियान्वयन आईएसए एजेंसी को सौपें गये कार्यों को गंभीरता पूवर्क करने कड़े निर्देश दिए और इम्पैनल्ड टीपीआई् एजेंसी की बैठक में अनुपस्थित रहे उनका भुगतान रोकने को कहा।मिंगाचल सभाकक्ष के आयोजित बैठक में श्री सहदेव राम नेताम, सहायक अभियंता, उपअभियंता, सहायक आईएसए एजेंसी एवं समस्त जिला समन्वयक और क्रेडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कृषक उन्नति योजना से नंदकिशोर को मिली बड़ी राहत

**बीजापुर 8 दिसम्बर।** कृषक उन्नति योजना से मिली आदान राशि कोकड़ा पारा निवासी नंदकिशोर पाण्डेय के बच्चों के पढ़ाई-लिखाई में काम आया जिससे यह राशि उनको बड़ी राहत दी।



नंदकिशोर के पास साढ़े सात एकड़ कृषि भूमि है। पिछले वर्ष 54 क्विंटल धान बेचा था। कृषक उन्नति के तहत 50 हजार से अधिक की राशि मिलने से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अतिरिक्त खर्च में काम आया धान का वाजिब मूल्य मिलने पर खेती किसानी के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष 60 क्विंटल से अधिक धान बेचने जा रहा है। नंदकिशोर कहता है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का किसानों के प्रति यह बहुत बड़ा सम्मान है जो उनके मेहनत को समझा और उनको आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए यह कदम उठाया सरकार ने अपना वायदा पूरा करके किसानों की झोली खुशियों से भर दी। किसान अब बेफिक्र होकर धान उपार्जित कर रहे है क्योंकि उनका मुखिया विष्णुदेव साय उनके मेहनत को समझ रहा है और किसानों को हर कीमत में खुशहाल देखना चाहता है ऐसे संवेदनशील पहल के लिए नंदकिशोर मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अल्ट्राट्रेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स में नि:शुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 8 दिसम्बर।** अल्ट्राट्रेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स बैकुंठ द्वारा ग्राम कुंदरू व ग्राम बहेसर में निःशुल्क कैंसर जागरूकता एवं स्वास्थ्य जाच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमेगावों की किशोरियों एवं महिलाओ तथा पुरुष वर्ग बढ़ चढ़ कर उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

इस स्वास्थ्य जाच शिविर मे ग्राम- कुंदरु में 146 लोग समलित हुए, वही ग्राम- बहेसर में 191 लोगों का स्वास्थ्य जाच हुआ। स्वास्थ्य जाच के साथ साथ उन्हे उचित निःशुल्क दावाइया भी वितरित की गई, इस शिविर का आयोजन अल्ट्राट्रेक सीमेंट, बैकुंठ और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तिल्दा के सम्पुर्ण तत्वाधान मे सम्पन्न हुआ, इस स्वास्थ्य जाच शिविर में डॉक्टर रीना परिहर द्वारा किशोरियो और महिलाओ को स्तन कैंसर, बच्चेदानी में होंने वाले कैंसर के बारे में सम्पुर्ण जागरूकता प्रदान की गई जिसमे महिलाओ और किशोरियो ने भरपूर उत्साह दिखा, अल्ट्रा टेक सीमेंट बैकुंठ के सी एस आर विभाग के मती सोनाली गवारगुर ने कहा की कैंसर एक गंभीर बीमारी है। हर साल दुनियाभर की लाखों महिलाएं



कैंसर का शिकार होती हैं। यह एक जानलेवा रोग है। यदि, समय रहते इसकी पहचान कर ली जाए, तो कैंसर का इलाज किया जा सकता है। इसके शुरुआती दौर में सामान्य रूप से कोई लक्षण महसूस नहीं होते हैं। डॉक्टर के अनुसार ज्यादातर महिलाओं व पुरुषों को कैंसर की जानकारी न होने के चलते यह रोग तेजी से बढ़ रहा है। यदि, समय रहते कैंसर के संभावित लक्षणों को नजरअंदाज न किया जाए, तो हर वर्ष लाखों लोगों को इस रोग से बचाया जा सकता है इस शिविर में मेडिकल टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिल्दा नेवरा के सम्पुर्ण सहयोग से एवं मितंनिन, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर सहयोग किया कार्यक्रम का आयोजन अल्ट्राट्रेक सीमेंट, बैकुंठ के सी एस आर विभाग के मती सोनाली गवारगुर, एवम उनकी टीम से दीपेंद्र कुमार मिश्रा, छत्तन दास लहरें, मुन्ना लाल बर्मन द्वारा आयोजित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### बरेली में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए स्वयंसेवक ख्याति का चयन

**भखारा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेवक कु.ख्याति साहू पिता कामता प्रसाद साहू का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर बरेली (उत्तरप्रदेश)के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा किया गया है।कु.ख्याति साहू महाविद्यालय में एम.ए तृतीय सेमेस्टर भूगोल की छात्रा है।यह शिविर 05 दिसंबर से 11 दिसंबर 2024 तक आयोजित हो रही है जिसमें प्रदेश सहित अन्य 10 राज्यों के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक सम्मिलित हो रहे हैं।सभी राज्यों के स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपने प्रदेश के कला संस्कृति से परिचय करा रहे है।साथ ही विभिन्न सत्रों में बौद्धिक परिचर्चा में अभिव्यक्ति कौशल, व्यक्तित्व विकास तथा नेतृत्व क्षमता का गुण सीख रहे हैं।छत्तीसगढ़ से 4 बालक और 4 बालिका की टीम कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चंसोरिया के नेतृत्व में अपने प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं।स्वयंसेवक कु. ख्याति के चयन पर प्राचार्य डॉ.संजय शर्मा, डॉ.एल आर डोंगरे, डॉ. कविता वैष्णव, डॉ.अविनाश आर निचत, आनंद सोनी, दिनेश कुमार नाग, रामकिशोर यादव, शकुंतला कोसरिया, हरविंदर सिंह कुर्रे, लोकेंद्र सुधाकर, अनुनय टोप्पो, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे, समस्त व्याख्याता, कर्मचारी, रासेयो इकाई के कार्यकरिणी परिषद के अध्यक्ष राहुल कुमार तथा समस्त स्वयंसेवकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया एवं शुभकामना प्रेषित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एल एस गजपाल, जिला संगठक निरंजन कुमार ने भी स्वयंसेवक कु. ख्याति साहू को जिला धमतरी से चयनित होने पर बधाई प्रेषित किया है।



## एक नजर

### किसान भाइयों को मिलेगा धान का पूरा दाम : टंकराम



**तिल्दा-नेवरा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विष्णु के सुशासन वाली सरकार में किसान भाइयों को मालूम है कि उन्हें धान का पूरा दाम मिलेगा उक्त बात राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कही। मंत्री ग्राम खम्हरिया के नवीन खाद गोदाम में धान उठाव का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। और कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के लिए सभी सुविधाओं का ध्यान रख रही है और ?3100 प्रति क्विंटल एवं 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने के वादे को निभा रही है। किसानों को धान बिक्री में किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है मंत्री ने कहा कि काग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है इस कारण धान खरीदी को लेकर दुष्प्रचार कर रही है। गांव गांव में किसान धान खरीदी से खुश है भुगतान भी नियमित होता है अब बैंक में ज्यादा भीड़ नहीं होती।

### शांति भंग करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**तिल्दा-नेवरा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम खपरीकला में गणेश राम साहू पिता मोहन लाल साहू उम्र 28 साल ने कुमारी निषाद के घर के आसपास लडकी को बार बार परेशान करने की नियत से घूम रहा था समझाने पर भी नही मानने की सूचना पर मौका पहुँचकर पुलिस व ग्रामीणो की समझाईश के बाद भी नही मानकर हो-हल्ला कर उपद्रव कर मारपीट पर आमदा हो रहा था, अप्रिय घटना घटित होने तथा शांति भंग होने की अंदेशा पर गणेश राम साहू को तत्काल धारा 170 बीएनएस में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।



### ग्राम खम्हरिया स्थित नाकोड़ा प्लांट में उपद्रव करने वाले 3 गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चिंताहरण मिश्र पिता परसुराम मिश्र उम्र 50 साल नाकोडा प्लांट ग्राम खम्हरिया ने शिकायत किया था जिसकी नारायण यादव पिता राधेश्याम यादव उम्र 19 साल, भागवत प्रसाद वर्मा पिता श्यामलाल वर्मा उम्र 25 साल, डिगेश कुमार वर्मा पिता गुहन लाल वर्मा उम्र 25 साल सभी ग्राम खम्हरिया थाना में रिपोर्ट करने पर देख लेने की धमकी देते हुये झगडा विवाद कर मारपीट पर उतारू हो गये थे, समझाने पर नही नही मानने व शांति भंग होने की अंदेशा परआरोपियों को तत्काल धारा 170 बीएनएस में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय तिल्दा नेवरा में पेश किया गया।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिमगा धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

# धान खरीदी केंद्रों में मारा जा रहा किसानों का हक:भूपेश बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 दिसम्बर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भाटापारा जाते समय सिमगा बाईपास पर विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया स्वागत के दौरान स्थानीय किसानों ने सिमगा नगर के धान खरीदी केंद्र की अव्यवस्थाओं एवं समिति प्रभारी की शिकायत की जिस पर बघेल ने सिमगा स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

सोसाइटी मे धान बेचने आये किसानो ने अपने बीच पूर्व मुख्यमंत्री को अचानक देख समिति प्रभारी मंजुला शर्मा की जमकर शिकायतें की। ग्राम कचलोन के किसान हरिशंकर सोनवानी ने आरोप लगाया कि समिति प्रभारी धान का ढेर लगाकर रखवा देती है तथा पैसे की मांग करती है अन्यथा आपका धान कहीं और ले जाकर बेच दो कहती है और पैसा देने पर ही बोरे देने की बात कही सिमगा के किसानों ने सुखत के नाम पर 500 से



600 ग्राम ज्यादा धान तौलने की बात कही जिसका बघेल ने तौले धान को कांटे पर चढ़वा कर देखा तो 41.2 किलो पाया गया जिस पर बघेल ने प्रभारी को समझाते हुए कहा कि इस प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए यह धान किसानों के मेहनत और पसीने से उगाया गया है किसान एक-एक बीज खेत से इकट्ठा कर मंडी बेचने आते हैं और इस प्रकार ज्यादा धान-तौल कर उनके हक को मारा जा रहा है बघेल ने टोकन प्रणाली के बारे में जानकारी मांगी तथा धान को जमीन पर तौलने की जगह शेड के भीतर तौलने कहा जिससे धान जमीन पर गिरकर खराब होने से बचेगा और स्टेक को जमीन पर लगाने की सलाह दी बघेल ने समिति प्रभारी से धान के आवक एवं उठाओ पर भी जानकरी लेते हुए कहा कि धान का उठाव ना होने से सोसाइटीयो में धान रखने की जगह नहीं बचेगी और यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में धान खरीदी ठप हो जाएगी किसानों ने बघेल से समिति प्रभारी को तत्काल हटाने तथा 3100/ की जगह 2300/ से भुगतान की शिकायत की जिस पर बघेल मुस्कुरा कर भाटापारा जाने की बात कह कर चले गए बघेल के साथ विधायक इंद्र साव, भाटापारा मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा विधायक, प्रतिनिधि शैली भाटिया, दशरथ चंद्राकर, डॉक्टर के के नायक, हीरेंद्र कोसले, भागवत सोनकर, अरुण यादव, लाला वर्मा, दिनेश साहू कोमल टंडन, गंगा ओगरे, चंद्रशेखर साहू, पप्पू अली, श्याम लाल देवांगन, तुषार मानिकपुरी, अयूब खान, कान्हा यदु, अजीत भट्ट, मनहरण माली, लक्ष्मण सोनकर, लक्की साहू, सतीश देवांगन, नारद सोनकर, गोलू पाटकर, सत्यजीत सेडे, मुकेश साहू, प्रेम साहू, ढेलू साहू, सचिन शर्मा आदि उपस्थित थे।

### विकसित राज्य बनाने विभिन्न योजनाओं का किया जा रहा क्रियान्वयन : वर्मा



**बलौदाबाजार, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बालौदाबाज़ार जिले के ग्राम पंचायत बुडगहन में नवनिर्मित महतारी सदन, पानी टंकी और राशन दुकान का लोकार्पण किया।पहले किश्त में बालौदाबाज़ार विधानसभा के 40 ग्रामों में महतारी सदन निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। इसी तरह क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के अलावा शौचालय, पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका तथा मितानिनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन सरकार द्वारा किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में विभिन्न निर्माण कार्यो के साथ-साथ बस्तर में शांति स्थापित करने नक्सल उन्मूलन में तेजी से कार्य किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक के विभिन्न खेलों में बस्तर संभाग के 1 लाख 65 हज़ार युवक-युवतियां हिस्सा ले रहे है। बस्तर ओलंपिक देश मे अपनी तरह का बहुत बड़ा खेल आयोजन है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से व्यक्ति को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है, जिससे व्यक्ति की छिपी प्रतिभा का ज्ञान लोगो को होता है। मंत्री वर्मा ने कहा कि हमे परस्पर सहयोग और समन्वय के साथ विकास कार्यो में सहभागी बनकर ग्राम के विकास में भागीदारी अदा करना चाहिए, जिससे ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित कर सके। इस अवसर पर जिला पंचायत बलौदाबाज़ार भाटापारा के अध्यक्ष राकेश वर्मा, सदस्य अदिति बघमार, जनपद सदस्य उमा अनंत, सरपंच मानेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### गुपचुप वाले की हत्या के मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 20 सितम्बर को प्रार्थी बनवारी साहू निवासी वार्ड नंबर 01 लवन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसका पुत्र विजय साहू उम्र 44 साल, लवन नगर मे ही गुपचुप चाट ठेला लगाने का काम करता है, जो की रात्रि 08:00 बजे घरेलू सामान लेकर घर वापस आ रहा था, कि इसी बीच आरोपी राहुल साहू अपने स्कूटी से इसके पीछे आया और पुरानी रंजीश पर से अपने हाथ में रखे धारदार चाकू से जान से मारने की नीयत से मेरे पुत्र विजय साहू के ऊपर ताबड़तोड़ वारकर घातक चोंट पहुंचाया है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्रमांक 389/2024 धारा 109(1), 103(1), 61(2)क, 238क, ख, 249क, ख, 308(2), 3(5), 111(2)ए, 115(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना लवन पुलिस द्वारा गहन जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं गवाहों से पूछताछ के आधार पर मामले में फरार आरोपी राजेश धीवर, साहिल धीवर एवं शुभम साहू सहित 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मृतक विजय साहू को मारने की योजना बनाना एवं हत्या की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। प्रकरण में उक्त तीनों आरोपियों को आज दिनांक 07.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम राजेश धीवर उम्र 27 साल निवासी वार्ड क्रमांक 04 लवन थाना लवन, साहिल धीवर उम्र 22 साल वार्ड क्रमांक 04 लवन थाना लवन, शुभम साहू उम्र 24 साल निवासी वार्ड क्रमांक 04 लवन थाना लवन है।



# धूमधाम से मनाया गया व्यवहार न्यायालय का स्थापना दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 8 दिसम्बर।** 3 दिसम्बर को व्यवहार न्यायालय भाटापारा में व्यवहार न्यायालय का 19 वां स्थापना दिवस मनाया गया, उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश बिहारी घोरे, प्रधान जिला न्यायाधीश बलौदाबाजार एवं अध्यक्षता सतीश कुमार जायसवाल जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा, विशेष अतिथि सरोज नंददास, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बलौदाबाजार अतिविशेष अतिथि राकेश वर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार, संजया रात्रे, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार एवं सुश्री स्मिता रत्नावत, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश भाटापारा, अजय कुमार खाखा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी बलौदाबाजार, मंजूलता सिन्हा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 बलौदाबाजार, अंकिता अग्रवाल व्यवहारं न्यायाधीश वर्ग 02 भाटापारा, कुमारी सारिका नंदे व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02. कुमारी माला यादव व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02, कुमारी पूजा चन्द्रा, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 02 बलौदाबाजार उपस्थित रहे, कार्यक्रम में मां सरस्वती की तैलचित्र पर माल्यअर्पण कर पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया तत्पश्चात अरपा पैरी के धार राज्यगीत का गायन किया उक्त कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राकेश बिहारी घोरे के द्वारा भाटापारा व्यवहार न्यायालय के भवन निर्माण के लिये सभी न्यायालयीन औपचारिकताएं पूरी हो जाने एवं उक्त कार्य अविलंब प्रारंभ कराये जाने के लिये फाईल छ. ग. शासन को प्रेषित किया जाना बताये उक्त कार्य तथा भाटापारा व्यवहार न्यायालय के विकास एवं प्रगति के लिये निरंतर सहयोग करने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में सतीष कुमार जायसवाल एवं सरोज नंददास द्वारा भी संबोधित किया गया गया।

अधिवक्ता संघ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता जी. डी. मानिकपुरी एवं अनिल मिश्रा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ द्वारा संबोधित किया गया, अधिवक्ता संघ की ओर से व्यवहार न्यायालय भाटापारा की स्थापना तथा अतिरिक्त न्यायालय भवन एवं अतिरिक्त न्यायाधीश की व्यवस्था के लिये उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं रजिस्ट्रार जनरल तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलौदाबाजार एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश भाटापारा तथा स्थानीय नेतृत्व शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह, साल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही व्यवहार न्यायालय भाटापारा में विधि व्यवसायरत वरिष्ठ अधिवक्तागण मोतीलाल केशरवानी, डी. जी. मानिकपुरी, सुकृत साहू, आर.एस. वर्मा एवं जे.के. अग्रवाल को साल व श्रीफल भेंट मुख्य अतिथि राकेश बिहारी घोरे एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों तथा संघ के सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया।

### जिले में 100 दिवसीय निक्षय निरामय पहचान व उपचार अभियान का शुरू




**बलौदाबाजार, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देश पर पूरे प्रदेश में 100 दिवसीय निक्षय निरामय पहचान एवं उपचार अभियान की शुरुआत बलौदाबाजार भाटापारा में भी की गई। इस हेतु स्थानीय जिला चिकित्सालय प्रांगण से निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखा कर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने रवाना किया। आज सात दिसम्बर से शुरू हुआ यह अभियान 23 मार्च 2025 तक ज़ारी रहेगा। अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में रंगोली के ज़रिए अभियान को प्रदर्शित किया गया साथ ही एक निजी नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने टीबी रोग पर नुक्कड़ नाटक किया तथा स्टाफको शपथ भी दिलाई गई। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि, उक्त अभियान अंतर्गत घरों में उच्च जोखिम समूहों जैसे शराब तथा तम्बाकू का सेवन करने वाले, शुगर या अन्य कोई बीमारी वाले, पुराने टीबी मरीज तथा उनसे संपर्क वाले, कुपोषित व्यक्ति तथा साठ वर्ष से अधिक के लोगों की पहचान कर आगे की जांच और उपचार की व्यवस्था की जाएगी। इसमें निक्षय शिविर भी लगाए जाएंगे।


> ■ **अगले 23 मार्च तक घर-घर ढूंढे जाएंगे टीबी, कुष्ठ के लक्षण वाले मरीज तथा होगी बुजर्गों की सेहत की जांच भी**

### पिछड़ा, अति पिछड़ा जगाओ यात्रा के तहत आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए अधिवक्ता साहू

# जातीय जनगणना करवाकर सभी वर्गों को दें बराबर हिस्सेदारी: शत्रुहन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 8 दिसम्बर।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के तत्वाधान में देश व्यापी पिछड़ा - अति पिछड़ा जगाओ यात्रा किया जा रहा है इसी क्रम में बिहार प्रांत के गोपालगंज जिला मुख्यालय स्थित रॉयल पैलेस में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसमें कई राज्यों से पहुंचे संघ के पदाधिकारियों, सामाजिक, बौद्धिक संगठनों के संचालकों, लेखकों, चिंतकों तथा महिलाओं सहित हज़ारों कार्यकर्ताओं ने एक सूर से देश में जातिगत जनगणना करवाकर सभी वर्गो को आबादी के अनुसार समान हिस्सेदारी देने द्य एवं मंडल आयोग को पूर्णतः लागू करने की गगनभेदी नारों के साथ जोरदार आवाज बुलंद की तथा मांगें पूरी नहीं होने पर सड़क पर उतर कर आंदोलन करने की चेतावनी






दी।

इस अवसर पर सम्मेलन के मुख्य अतिथि ओबीसी संयोजन समिति (छ.ग) के संस्थापक एवं संघ के राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने भारतव्यापी पिछड़ा वर्ग आंदोलन के सूत्रधार त्यागमूर्ति आर.एल चन्दापुरी के तैल चित्र पर मालार्पण और दीप प्रज्वलित करते हुए तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा कि- यह यात्रा गैरबराबरी और असमानता को मिटाने के लिए किया जा रहा है जिसमे आप सभी पिछड़े, अतिपिछड़े, गरीब, वंचितों को एकजुट होने की जरूरत है तभी हम सामाजिक न्याय, संवैधानिक मांगों व तर्कों पर खड़े रह सकेंगे।

आज हमारे समाज से ही आने वाले कुछ स्वार्थी व नव सामंतवादी नेताओं की वजह से जाति-उपजाति में बंटने से पिछड़ा वर्ग की अवधारणा ही वेंटिलेटर पर है जिसकी वजह से सभी क्षेत्रों में हमारी आबादी के अनुसार हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। वहीं पिछड़ा विरोधी शक्तियां कानूनी व तकनीकी पेंच फंसा कर धनतंत्र, भ्रष्ट नौकरशाही तंत्र तथा नारतंत्र के जबड़े में हमारे अधिकारों को कैद करने की कुत्सित चाल चल रही है, इससे मुक्ति दिलाने का एक ही रास्ता है आबादी के अनुसार सामान हिस्सेदारी। हम बहुसंख्यक उत्पादक समाज कब तक अधिकारों की भीख मांगते रहेंगे अब हमें सड़को पर निकलना ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि- इन्द्र कुमार चंदापुरी के नेतृत्व में चल रही यह यात्रा सही मायनों में हमारे संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण वृद्धि जैसे संवेदनशील मुद्दों को मजबूती प्रदान करती है, सामाजिक न्याय की स्थापना के बिना देश व प्रदेश का समुचित विकास संभव नहीं है। देश की आजादी के 76 साल बीत जाने के बावजूद भी आज पिछड़े वर्ग के लोग अपने अधिकारों की सुरक्षा को लेकर सशंकित हैं, हम बहुसंख्यक होकर भी याचक की भूमिका में हैं यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। सम्मेलन की शुरुआत में सभी आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर स्वागताध्यक्ष डॉ एच.पी सिंह ने किया। स्कूली बच्चों द्वारा गायन प्रस्तुति की गई।

म्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार सिंह चंदापुरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी.एल गंगवार उत्तर प्रदेश, श्रीमति शान्ति शाह महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष धनराज सिंह, सुधीर कु.पटेल, नवल किशोर गुप्ता, कृष्णनंदन साहू, फुलेश्वर कानू सहित विभिन्न प्रदेश से आए पदाधिकारीयों ने भी संबोधित किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह कि मेरे नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भाटापारा द्वारा जारी पालिसी क्रमांक 381178637 के अंतर्गत मेरा नाम राजेन्द्र कुमार ईदवानी उर्फ राजकुमार एवं एक अन्य पालिसी क्रमांक 385445734 के अंतर्गत राजेन्द्र कुमार ईदवानी उर्फ राजकुमार दर्ज है । जबकि मेरे आधार कार्ड नंबर 3369 4239 3614 एवम् पेन कार्ड क्रमांक AAEPI4670A एवं बैंक खातों में मेरा नाम राजकुमार ईदवानी दर्ज है। मैं राजेन्द्र कुमार ईदवानी एवं राजकुमार ईदवानी दोनों ही नाम से जाना जाता हूं एवं राजेन्द्र कुमार ईदवानी एवं राजकुमार ईदवानी दोनों एक ही व्यक्ति है। चूंकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक खाते में मेरा नाम राजकुमार ईदवानी दर्ज है। अतः मेरी उपरोक्त बीमा पालिसियों में भी मेरा नाम राजकुमार ईदवानी दर्ज कराने हेतु यह प्रकाशन दे रहा हूं।

**राजकुमार ईदवानी**

## एक नजर

### दत्तात्रेय जयंती महोत्सव का ब्रह्मपुरी में श्रीगणेश

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** श्री दत्तात्रेय मंदिर ट्रस्ट, ब्रह्मपुरी आज से श्री दत्तात्रेय जयंती महोत्सव मना रहा है। अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल ने बताया कि आज शाम कलश स्थापना के बाद मंदिर का असंख्य दीपों से श्रृंगार किया जाएगा। नौ दिसम्बर को गुरु चरित्र ग्रंथ पाठ का पारायण व भजन होगा। दस, ग्यारह, बारह व तेरह दिसम्बर को विभिन्न मंडलियां भजन पेश करेंगी। 14 दिसम्बर को जन्म उत्सव पर अनेक धार्मिक आयोजन होंगे। 15 दिसम्बर को भंडारा व 16 दिसम्बर को प्रसाद विरण होगा।

### संगीत संध्या आयोजित कर खय्याम को श्रद्धांजलि



**रायपुर, 8 दिसम्बर।** स्वर सप्तक संस्था महान फिल्म रांगीतकार खय्याम की स्मृति में सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन मुक्ताकाशी मंच, (घड़ी चौक) रायपुर छ.ग. में किया गया। जिसमें अंचल के गायक- बॉबी मंडल, वन्दना कुलदीप, ओग प्रकाश, राजेश तिवारी, डॉ. जावेद अली, गोपा सान्याल, शिवानी बानी, नगिता गुप्ता, भूमि सागर, दिनेश वर्मा, अजय कर्मोकार व गीरीश फुलदीप खय्याम जी स्वरबद्ध गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रदीप श्रीवास्तव व डॉ. एस.डी. शर्मा (एयरपोर्ट डायरेक्टर, रायपुर) द्वारा गुणी संगीतज्ञ नारायण दत्त केहरी को खय्याम संगीत सम्मान से सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रीति राजवैध व संगीत संयोजन राजकुमार येशुदास का था। विगत 16 वर्षों से हमारी संस्था नवोदित प्रतिभाओं को मंच व सम्मान देने हेतु निरंतर सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है। यह जानकारी उदय दास ने दी।

### जया रेड्डी बनी सहकार भारती की संयोजक

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** सहकार भारती प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत द्विवेदी की स्वीकृति, एवं



प्रदेश महामंत्री करुणा निधि की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर द्वारा समाज सेवी टी.जया रेड्डी को स्वयं सहायता समूह प्रकोष्ठ एवं महिला सहकारिता प्रकोष्ठ सहकार भारती का दुर्ग भिलाई महानगर का जिला संयोजक पद पर नियुक्त किया गया है उनकी नियुक्ति पर सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर के महामंत्री राकेश शुक्ला, कांति वर्मा, ममता राव, टीआर कन्नौजे, रमेश शर्मा, स्वीटी कौशिक, किरण मिश्रा, बबिता केला, अरुण पंडा, रविंद्र साहू, सुधाकर रेड्डी सहित समस्त सहकार भारती भिलाई दुर्ग महानगर के सदस्य गण ने नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई शुभकामना दी है।

### दानी स्कूल परिक्रमा मार्ग पर चौपाटी निर्माण बंद करे : कन्हैया

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने दानी स्कूल डिग्री गर्ल्स कॉलेज परिक्रमा मार्ग में निर्माणाधीन चौपाटी पर तत्काल रोक लगाते हुए उसे हटाए जाने की मांग की है। उन्होंने पुराने धरना स्थल पर बनी चौपाटी को भी तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की मांग की है। अग्रवाल ने कहा कि साइंस कॉलेज के पास करोड़ों रुपए की लागत से स्मार्ट सिटी द्वारा निर्माण की गई चौपाटी को हटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एजुकेशन हब यानी स्कूल कॉलेज का क्षेत्र बताते हुए बसी बसाई चौपाटी को हटाने का निर्णय लिया। दूसरी तरफ प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के द्वारा प्रदेश की सबसे बड़ी गर्ल्स स्कूल और गर्ल्स कॉलेज के गेट पर ही चौपाटी का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है। चौपाटी में रूफ्टॉप कैफे भी खोले जा रहे हैं इन सब से क्षेत्र का वातावरण अशांत होगा हमारी बेटियों की सुरक्षा खतरे में पड़ेगी।

# सोचकर यही, मंदिर- मस्जिद भी दंग है... हमें खबर ही नहीं, और हमारी जंग है...!



कांग्रेस पार्टी देश में शांति और भाईचारा चाहती थी, इसलिये पूजा स्थलों की सुरक्षा के लिये 1991 में कानून लायी थी, जिसमें कहा गया है कि 1947 से पहले सभी धार्मिक स्थलों की जो स्थिति इस देश में थी वही स्थिति बनी रहेगी। उसमें कोई, किसी तरह का कोई सवाल नहीं उठाएगा, कोई छेड़छाड़ नहीं करेगा, अदालतें भी किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगीं।कांग्रेस की सोच थी कि देश अगर धार्मिक विवादों में उलझा रहेगा तो तरक्की नहीं कर पायेगा ! मगर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस चंद्रचूड़ सिंह ने फैसला सुनाया कि भले 1991का कानून बदला नहीं जा सकता मगर धार्मिक स्थलों कि जाँच तो की ही जा सकती है ! इस फैसले ने नफरती गिरोह ने फायदा उठाते हुये ही हर मस्जिद पर मंदिर होने का दावा ठोकना शुरू कर दिया और जाँच की मांग करने लगे ! नतीजा हर तरफनफरत और तनाव है ! हाल ही में यूपी के संभल में मस्जिद पर हुये विवाद को लेकर दंगा शुरू हुआ ! आगज़नी हुई, 5 मुस्लिमों की गोली मारकर हत्या कर दी गई, अब तो उस अजमेर शरीफ पर सवाल उठ रहे हैं जहाँ पहले पीएम जवाहरलाल नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी तक ने चादर भेजी है!अब देश के हर मस्जिद की, हर दरगाह की, ईदगाह की, कब्रगाह की जाँच की जायेगी या सर्वे कराया जायेगाज़! जय श्रीराम के जयघोष से पूरा देश गुंजायमान होगा, अदालतें साथ देंगीज़.तंत्र साथ देगाज़.लोकतंत्र के नाम पर सरकारें साथ देंगी, ऐसे में हमारा देश निश्चित ही विश्वगुरु बनेगा!

### छत्तीसगढ़िया मुख्य सचिव का बना रिकार्ड...

छग में 89 बैच के आई एएस अमिताभ जैन ने सबसे लम्बे समय



तक (सी एस) मुख्य सचिव रहने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया है, अमिताभ जून 25 में रिटायर हो जाएंगे, अमिताभ के बाद कौन..अब यह सवाल उठ रहा है। 89 बैच के जैन हैं। उनके बाद 90 बैच का कोई आईएएस छग में नहीं है। 91 बैच की आईएएस रेणु जी पिल्ले हैं तो 92 बैच के हैं, सुब्रत साहू।अभी दोनों ही एडीशनल चीफ सेक्रेटरी है।वहीं इनके बाद 93 बैच के आईएएस अमित अग्रवाल प्रतिनियुक्ति में है। इस के बाद 94 बैच की रिचा शर्मा, निधी छिब्बर, विकास शील और मनोज पिंगुआ हैं जिनमें मनोज पिंगुआ को छोड़कर बाकी तीन को केंद्र सरकार ने एडीशनल सेक्रेटरी इम्पेनल किया है, वैसे अमिताभ और रेणु पिल्ले केंद्र में एडीशनल सेक्रेटरी इम्पेनल पहले ही हो चुके हैं अमित अग्रवाल एडीशनल सेक्रेटरी के तौर पर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। खैर 94 के बाद 95 बैच की मनिंदर कौर, गौरव द्विवेदी हैं, तो 97 बैच की निहारिका बारिक हैं। 98 बैच के सुबोध सिंह हैं, 99 बैच के सोनमणी वोरा हैं। 2001की शहला निगार, 2002 के डॉ.कमल प्रीतसिंह, डॉ. रोहित यादव हैं।2003 बैच की ऋुसेन, सिद्धार्थ कोमल परदेशी, 2004 बैच की पी.संगीता, आर.प्रसन्ना, अमित कटा रिया, अवलंगन पी, अलर मेल मंगई डी हैं। बहरहाल अमिताभ मुख्य सचिव का कार्यकाल जून 2025 तक रहेगा।

### छत्तीसगढ़ में भी पुलिस कमिश्नर प्रणाली...?




शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है, स्थितियां बदल रही हैं, ऐसे में कानून व्यवस्था के सामने नई चुनौतियां पैदा हो रही हैं, पड़ोसी राज्य मप्र के भोपाल, इंदौर में कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कमिश्नर सिस्टम लागू किया है, इधर छग में भी इस प्रणाली को राज धानी रायपुर में लागू होने के कयास लगाए जा रहे हैं। छग के पहले सीएम, आईपी एस/आईएएस रहे अजीत जोगी ने भी




इसके लिए पहल की थी पर नए राज्य में तत्काल संभव नही हो सका था।कमिश्नर प्रणाली को आसान भाषा में समझें तो फिलहाल पुलिस अधि कारी कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र नहीं होते हैं। आकस्मिक परिस्थितियों में डीएम, मंडल कमिश्नर या शासन के दिए निर्देश पर ही काम करते हैं, पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने पर कलेक्टर, एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के ये अधिकार पुलिस अधिकारियों को मिल जाएंगे, इसमें होटल बार के लाइसेंस, हथियार के लाइसेंस देने का अधिकार उन्हें मिल जाता है। इसके अलावा धरना, प्रदर्शन की अनुमति देना, दंगे के दौरान लाठी चार्ज या कितना बल प्रयोग हो ये निर्णय सीधे पुलिस ही करेगी, उनके अधिकार, ताकत बढ़ जाएगी पुलिस खुद फैसला लेने की हकदार हो जाएगी। माना जाता है कि कानून व्यवस्था के लिए कमिश्नर प्रणाली ज्यादा बेहतर है, ऐसे में पुलिस कमिश्नर कोई भी निर्णय खुद ले सकते हैं, पुलिसिंग व्यवस्था में ये अधिकार जिलाधिकारी (डीएम) के पास होते हैं, कमिश्नरी प्रणाली लागू होने से पुलिस बल बढ़ जाएगा, सबसे पहले कमिश्नर का मुख्यालय बनेगा, एडीजी स्तर के सीनियर आईपीएस पुलिस कमिश्नर के पद पर तैनात होंगे, शहर को जोन में बांटा जाएगा, जोन में डी सीपी की भी तैनाती की जाएगी, प्रणाली लागू होने पर पुलिस आयुक्त या कमिश्नर-सीपी संयुक्त आयुक्त या ज्वॉइंट कमिश्नरङ्कजेसी पी, डिप्टी कमिश्नर-डीसीपी सहायक आयुक्त- एसीपी। वैसे आजादी से पहले के दौर में कमिश्नर प्रणाली लागू थी, आजादी के बाद भारत की पुलिस ने अपनायाज़, कमिश्नर व्यवस्था में पुलिस कमिश्नर का सर्वोच्च पद होता, अंग्रेजों के जमाने में ये कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में हुआ करता था. इसमें ज्यूडिशियल पावर कमिश्नर के पास होता है, यह पुलिस प्रणाली अधि नियम, 1861 पर आधारित है। यहां यह बताना जरुरी है कि रायपुर की आबादी 15 लाख पार कर गई है (2011 की जन गणना मे 10 लाख की आबादी हो चुकी थी) 215 वर्ग किमी इसका क्षेत्रफल है।कानून व्यवस्था के संचालन में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने पर विचार किया जाना अब समय की मांग है।

### डीपीआर अजय सहित 14 बने आईएएस

जनसंपर्क संचालक अजय अग्रवाल समेत राज्य सेवा के 14 अफसर आईएएस प्रमोट हो गए हैं।दिल्ली में डीपीसी की बैठक में छग शासन ने 3 दर्जन अफसरों का नाम डीपीसी के लिए भेजा था, सौम्या चौरसिया आरती वासनिक, तीर्थराज अग्रवाल का मामला लटक गया है। कोल घोटाला के मामले में सौम्या चौरसिया जेल में बंद हैं। पीएससी घोटाला में आरती वासनिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज है।विभागीय जांच चल



रही है। तीर्थराज अग्रवाल के खिलाफ चल रही जांच खत्म हो गई है। शासन ने उन्हें क्लीन चीट दे दी है।एक मामला कोर्ट में विचारा धीन है।पिछले प्रमोशन में चुके संतोष देवांगन और हीना नेताम को भी प्रमोट किया गया है।राज्य प्रशा सनिक सेवा से आईएएस बनने वाले अफसरों में संतोष देवांगन, हीना नेताम, अश्वनी देवांगन, रेणुका श्रीवास्तव, आशुतोष पांडेय, अजय अग्रवाल रीता श्रीवास्तव, लोकेश चंद्राकर, प्रकाश सर्वे गजेंद्र ठाकुर, लीना कोसम, तुनजा सलाम, वीरेंद्र बहादुर पंच भाई और सौमिल चौबे के नाम शामिल हैं।

### और अब बस...


» छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों में अब मेयर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होगा, यानी पार्षद के साथ ही मेयर और अध्यक्ष के लिए भी जनता ही वोट करेगी।

» राजनांदगांव जिले में डोंगरगढ़ ब्लॉक के जार वाही निवासी बीरेंद्र साहू की सगाई डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम करियाटोला की ज्योति साहू के साथ हुई।सगाई की सारी रस्म होने के बाद हेलमेट पहनकर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता का संदेश दिया।

# एसएसपी ने राजधानी में कई स्थानों पर दी दबिश

## मौदहापारा, बैजनाथपारा और वीआईपी रोड पर रातभर पुलिस ने की चेकिंग

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** राजधानी रायपुर में बीती रात पुलिस प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है. एसएसपी संतोष सिंह ने खुद सीएसपी और टीम के साथ मौदहापारा, बैजनाथपारा और वीआईपी रोड पर औचक निरीक्षण कर सघन चेकिंग में कई अलग-अलग कार्रवाई की है. संतोष सिंह देर रात जयस्तंभ चौक पर पुलिस की टीम को ब्रीफिंग करते नजर आए. इस दौरान उन्होंने औचक पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया कि रात्रि चेकिंग में क्या ध्यान रखना है.



पुलिस की टीम के साथ अफसरों ने मौदहापारा, बैजनाथपारा और वीआईपी रोड पर चेकिंग के दौरान एल्कोमीटर से जांच आकर ड्रंकन ड्राइविंग पर गाड़ियों की जप्ती की, कई दर्जन संदिग्ध लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई. वहीं कुछ के साथ संदिग्ध सामन पकड़ा गया जिन पर कार्रवाई की गई. देर रात तक चेकिंग चलती रही. इस दौरान सीएसपी आज़ाद चौक अमन झा, सीएसपी कोतवाली योगेश साहू, प्रशिक्षु आईपीएस अभिषेक चतुर्वेदी और थाना प्रभारी गण दल बल सहित उपस्थित रहे.

# अनुराग पाण्डेय के स्कूल फिर चले अभियान को मिला स्कॉच अवार्ड

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में की गई को अब राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। स्कूल फिर चले अभियान (स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम) को स्कॉच अवार्ड में सिल्वर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बीजापुर के तत्कालीन कलेक्टर अनुराग पांडेय के नेतृत्व में इसके लिए जिला प्रशासन और समुदाय के बीच एक मजबूत संवाद स्थापित किया और इसे सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए। परिणामस्वरूप, माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में 20 वर्षों से बंद पड़े 28 स्कूलों को फिर से खोलने में सफलता प्राप्त की।



इस अभियान के अंतर्गत, जिले के 550 गांवों में घार-घार जाकर सर्वे किया गया और 6 से 18 वर्ष के लगभग 7, 000 बच्चों की पहचान की गई। इनमें से 4, 000 बच्चों को शाला त्यागी और अप्रवेशी के रूप में पहचाना गया, जिनका पुनः प्रवेश सुनिश्चित किया गया। विशेष रूप से, माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार के लिए किए गए प्रयासों ने सफलता पाई, और अब इन क्षेत्रों के बच्चों को 20 साल बाद शिक्षा का अधिकार मिल रहा है। ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति जागरूकता का स्तर बढ़ा है। पहले जहां शिक्षा के महत्व को लेकर जागरूकता की कमी थी, वहीं अब ग्रामीण शिक्षा के महत्व को समझने लगे हैं और वे बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। इसके साथ ही, शिक्षा के फायदे और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उन्हें दी गई है, जिससे उन्हें अपनी स्थिति सुधारने का अवसर मिला है। अब बीजपुर में 24 ऐसे स्कूल खोले गए, जो पिछले 20 वर्षों से बंद थे। इसके अलावा, 30 से ज्यादा नए स्कूलों की शुरुआत भी की कई है। यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी क्रांति लाएगा और बच्चों के लिए नए अवसर उत्पन्न करेगा।

# डागा कन्या कालेज में आनंद मेला

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** डागा कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत आनंद मेला का आयोजन किया गया। छात्राओं ने विविध व्यंजन, खेल, बड़ी पापड़ और सजावट के सामानों के 29 स्टाल लगाए। विविध व्यंजनों में छात्राओं ने चाट, गुपचुप, दही गुपचुप, मोमोज, चाइनीस पकोड़ा, पापड़ी चाट, सांभर बड़ा, फ्रूट चाट, मुर्रा भेल, पॉपकॉर्न, कुरकुरे भेल, ढोकला, फरा-चटनी, कपकेक पेस्ट्रीज, कैंडी, चॉकलेट बार, पापड़, आम-पापड़, ऑरेंज कैंडी, खाखरा, फ्रूट कस्टर्ड आदि के स्टाल लगाए। आनंद



मेला का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता घई के कर कमलों द्वारा किया गया, सभी प्राध्यापकों, कर्मचारीयों और छात्राओं ने एक साथ मिलकर आनंद मेला का खूब आनंद लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सिक्ख प्रीमियर लीग में नांदेड़ व नागपुर की टीम विजयी

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** 16 वीं सिक्ख प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का उद्घाटन मैच खालसा वारियर्स नांदेड़ व जीकेएस रायपुर (ए) के बीच खेला गया। जिसमें नांदेड़ की टीम ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। खालसा वारियर्स नांदेड़ के रोमी प्लेयर आफद मैच चुने गए। दूसरे मैच में सिमरन रायल किंग्स नागपुर ने शहीद भाई तारू सिंग रायपुर को 4 विकेट से पराजित किया। इस मैच के मैन आफ द मैच रहे आगम सिंग। उद्घाटन मैच के अतिथि रहे रजिन्दर सिंग(चेन्नई), महेन्द्र सिंग छाबड़ा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, स्टेशन रोड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंदर सिंग छाबड़ा व अमरजीत सिंग छाबड़ा।



रायपुर के डब्ल्यूआरएस ग्राउंड पर शुक्रवार से शुरु हुए 16 वीं सिक्ख प्रीमियर लीग क्रिकेट के तहत पहले दिन दो मैच खेले गए, पहला मैच खालसा वारियर्स नांदेड़ व जीकेएस रायपुर (ए) के बीच खेला गया। जीकेएस रायपुर की टीम ने 20 ओवर खेलकर 122 रन बनाये। जिसमें कप्तान अर्जुन सिंग ने सर्वाधिक 33 रन की पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में मिक्का सिंग के द्वारा बनाए 19 रन के अलावा कोई भी दहाई का स्कोर पार नहीं कर पाये। खालसा वारियर्स नांदेड़ के गेंदबाज रोमी ने सधी हुए गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने के लिए उतरी खालसा वारियर्स नांदेड़ की टीम ने 18.3 ओवर में जीत का लक्ष्य पूरा कर लिया।

### 'परमात्मा की आरती जीवन को प्रकाशमान करती है'

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** आचार्य भगवंत जिनमणिप्रभ सूरीश्वर की प्रेरणा से प्रति रविवार को बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है, इसी तारतम्य में आज बच्चों को परमात्मा व दादागुरुदेव की आरती व मंगल दीपक की सम्पूर्ण विधी सिखाई गई। अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि इस रविवारीय सत्र में बच्चों को प्रभु, दादागुरुदेव की आरती व मंगल दीपक के दोहे, दोहों की राग आदि की जानकारी दी गई। जैन मंदिरों में प्रतिदिन प्रातः व संध्याकाल में आरती होती है। महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि रायपुर के जैन मंदिरों में संध्या आरती में नगण्य उपस्थित चिंता की बात है, आरती में ज्यादा से ज्यादा श्रावक श्राविकाओं को भाग लेने अभियान चलाया जाना चाहिए।

# अजजा वर्ग के युवक-युवतियों ने की एसआई भर्ती में ऊंचाई में छूट की मांग

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** वर्तमान में सीजीपीएससी के माध्यम से ह्यद्ब की कुल 341 पदों पर भर्ती निकाली गई है जिसमे सभी पुरूष अभ्यर्थियों की ऊंचाई 168 सेमी. एवं महिलाओं के लिए 153 सेमी. रखी गयी है, पिछली भर्ती में अनुसूचित जनजाति के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए 163 सेमी. ऊँचाई रखी गयी थी इस बार ऊंचाई में छूट नही देने के वजह से बहुत से अभ्यार्थी आवेदन नहीं कर पाए हैं व आवेदन करने से वंचित हो रहे हैं, इसमे बहुत से ऐसे अभ्यर्थी हैं जो पिछली भर्ती में इंटरव्यू दे चुके हैं वे सब इस बार बाहर हो रहे हैं, अपनी मांग को रखते हुए सभी मंत्रियों को ज्ञापन सौंप चुके हैं किंतु अभी तक सरकार के द्वारा कोई निर्णय नही




लिया गया है। इसलिए अभ्यर्थियों ने 6 दिसम्बर को प्रदर्शन भी किया एवं मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम से ज्ञापन भी सौंपा है। मांगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इनकी मांग है कि ऊंचाई में छूट दी जाए।

अन्य राज्यों में जैसे कि राजस्थान उत्तरप्रदेश बिहार ओडिशा मध्यप्रदेश में अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों की ऊंचाई 160 सेमी. रहता है। केंद्र वेकैंसी में भी 160 सेमी. होता है झारखंड में तोह 155 सेमी. निर्धारित है जबकि छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल राज्य होने के बाद भी ऊँचाई में छूट नही दी जा रही है।

शारीरिक अर्हता सामान्य अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष उम्मीदवार की न्यूनतम उंचाई 168 सेमी तथा सभी वर्ग की महिलाओं की न्यूनतम उंचाई 153 सेमी तथा सामान्य, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के0 पुरूष उम्मीदवारों का सीना बिना फुलाये 81 सेमी तथा फुलाये पर 86 सेमी होना अनिवार्य है। केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के लिये न्यूनतम ऊंबाई 163 सेमी. तया सीना बिना फुलाये 78 सेमी एव फुलाने पर 83 सेमी. होना अनिवार्य है। सीना फुलाने एवं बिना फुलाये में कम से कम 05 सेमी का अंतर होना आवश्यक है। अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से अपंग नहीं होना चाहिए। उम्मीदवार को आंखों से संबंधित कोई रोग नहीं होना चाहिए। आंखों की दृष्टि बिना चश्मे ये एक आँख से 6/6 तथा दूसरी आंख की यिना घरेमे के 6/9 से कम नहीं होना चाहिए। मुख्य रंगों में भेद करने में उम्मीदवार को सक्षम होना चाहिए।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26

CMYK